तापमान
अधिकतम 32.3 डिग्री
न्यूनतम 18.3 डिग्री

हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, रविवार 9 फरवरी 2025

14 मुख्यमंत्री साय के रोड शो में भाजपा ने किया रायपुर में...

18 अमेरिका का टैरिफ वॉर गर्म हो रहा सोने का...

वीआईपी रोड में हंगामा करते पकड़ी गई उज्बेकिस्तान की युवती से मिला सुराग

दिल्ली से होती थी विदेशी कॉलगर्ल की बुकिंग तीन और अरेस्ट, एक घायल की अस्पताल में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- ताशकंद की युवती सहित तीन गिरफ्तार टूरिस्ट वीजा पर होता था देह व्यापार
- घायलों में से एक युवक की मौत, वकील और विदेशी युवती पर बढ़ेंगी धाराएं

राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड में नशे में हंगामा करती पकड़ी गई उज्बेकिस्तान की युवती देह व्यापार में संलिप्त मिली। वहीं उसके साथ पकड़ा गया वकील उसका कस्टमर निकला। पुलिस ने दोनों को रिमांड पर लेकर जब पूछताछ की, तो इस मामले में पुलिस ने एक होटल में छापा मारकर वहां से एक विदेशी युवती सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। ये तीनों भी देह व्यापार में संलिप्त हैं। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए रिमांड पर ▶▶|शेष पेज 18 पर

हरिभूमि फॉलोअप

घायलों में एक की मौत, धाराएं बदलेंगी

वीआईपी रोड पर शराब के नशे में कार चलाते हुए नोदिया और उसके साथी वकील ने स्कूटी सवार तीन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया था, जिससे नीलकमल साहू, ललित चंदेल और अरुण विश्वकर्मा को गंभीर चोटें आने के कारण अस्पताल में दाखिल कराया ▶▶|शेष पेज 18 पर

वीआईपी रोड पर हादसा, विदेशी युवती का ड्रामा
युवक के साथ पब से आ रही थी शराब पीकर

पिकाडली होटल में छापा

पुलिस ने वकील और विदेशी युवती नोदिया को तीन दिन की पुलिस रिमांड पर लिया हुआ है। रिमांड लेने के पहले दिन ही नोदिया से पूछताछ में पुलिस को पता चला कि उज्बेकिस्तान की रहने वाली और एक युवती होटल पिकाडली में ठहरी हुई है। इस निशानदेही पर सरस्वती नगर पुलिस ने होटल पिकाडली के कमरा नंबर 210 में छापा मारकर वहां से उलमास नामक विदेशी युवती को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा जुगल दादा नामक व्यक्ति एवं केब ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। इस तरह छापेमारी में विदेशी युवती सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इन तीनों को भी कोर्ट में पेश कर 3 दिन के लिए रिमांड पर लिया है और पूछताछ कर रही है।

एसएसपी ने ली हिस्ट्रीशीटरों की क्लास, लगवाई उठक-बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी पुलिस हिस्ट्रीशीटर सहित पुराने गुंडे-बदमाशों पर पुलिस का खौफ बना रहे और अपराध से तौबा कर अच्छा जीवन व्यतीत करें, इसके लिए लगातार उनकी क्लास ले रही है। इसी कड़ी में शनिवार को एसएसपी लाल उम्मेद सिंह की उपस्थिति में क्राइम ब्रांच के दफ्तर परिसर में रायपुर के हिस्ट्रीशीटरों-चाकूबाज से लेकर छंटे हुए करीब 65 गुंडे-बदमाशों को बुलाया गया और उठक-बैठक कराकर उनकी परेड लेते हुए कड़ाई से समझाइश दी कि वे सभी अपराध छोड़ दें और शरीफ लोगों की तरह रहें।

अब तक चार सौ से अधिक गुंडे-बदमाशों की परेड

चुनाव के मद्देनजर पिछले कई दिनों से शहर के हिस्ट्रीशीटर, चाकूबाज सहित विभिन्न अपराधों में जेल जा चुके गुंडे-बदमाशों को क्राइम ब्रांच दफ्तर में हाजिर होने कहा जा रहा है। हाजिर होने के बाद पुलिस सभी आरोपियों में पुलिस का खौफ बना रही है। इसके लिए सभी को सामूहिक रूप से उठक-बैठक कराई जा रही है, साथ ही उनसे बुलवाया जा रहा है कि अब कभी अपराध नहीं करेंगे और अच्छे इंसान की तरह रहेंगे। पुलिस इस अभियान के तहत सोशल मीडिया में चाकू, पिस्टलनुमा लाइटर एवं एयरगन के साथ फोटो एवं विडियो बनाकर अपलोड करने वालों को भी थाने बुलाकर कड़ाई से समझाइश दे रही है। एसएसएपी ने कहा कि यह अभियान अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने, लोगों की सुरक्षा व शांति व्यवस्था स्थापित करने के लिए चलाया जा रहा है। इस अभियान से अपराधियों में पुलिस का खौफ भी है, जिससे अपराध में कमी आई है।

सराफा शोरूम में शटर लॉक फंसे लोग, मीडियाकर्मियों से बदसलूकी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडरी के कल्याण ज्वेलर्स में शटर लॉक होने की वजह से ग्राहक सहित शो रूम के कर्मचारी काफी देर तक भीतर फंसे रहे। दहशतजदा लोगों की जानकारी होने पर कव्हरेज के लिए जब मीडियाकर्मी पहुंचे, तो वहां के स्टाफ ने बदसलूकी की। दुर्व्यवहार की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने दो कर्मचारियों को गिरफ्तार कर ▶▶|शेष पेज 18 पर

शटर काटना पड़ा

आटोमैटिक तरीके से लॉक हो चुके शटर को वापस खोल पाना मुश्किल था। आम लोगों की भीतर हालत खराब होने लगी थी, काफी कोशिश के बाद भी जब बाहर मौजूद कर्मचारियों को सफलता नहीं मिली, तो गैस कटर की मदद से शटर को काटकर लोगों के बाहर निकलने का रास्ता बनाया गया।

घर में आग लगने के बाद सिलेंडर फटे, सामान जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के पुरानी बस्ती इलाके में बुढ़ेश्वर चौक के पास एक दोमंजिला मकान के ऊपर हिस्से में शनिवार शाम को आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली की वहां रखे दो सिलेंडर भी आग की लपटों में आने से फट गए। सिलेंडरों के फटते ही आग घर में फैल गई, जिससे घर में रखे सामान जलकर खाक हो गए।

इधर घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग के कर्मी अग्निशामक वाहन के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और करीब एक घंटे के भीतर ही आग पर काबू पा लिया, जिससे आग न ही मकान के नीचे हिस्से और न ही लगे दूसरे मकानों तक पहुंची। हालांकि आग की लपटों एक पेड़ तक जा पहुंची, जिससे वह भी जलने लगा। ▶▶|शेष पेज 18 पर

सिलेंडरों के धमाके की आवाज दूर तक सुनाई दी

बताया जा रहा है कि आग लगने के समय घर पर दो सिलेंडर रखे हुए थे। घर में लकड़ी और कपड़े होने के कारण आग तेजी से फैली जो सिलेंडरों तक जा पहुंची। इसके बाद दोनों सिलेंडर एक-एक करके विस्फोट हुए। ▶▶|शेष पेज 18 पर

रात में रही हल्की ठंड, कल से 3 डिग्री तक गर्मी बढ़ने का दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उत्तरी हवा के प्रभाव ने पिछले दो दिनों से लौटी ठंड का असर अगले चौबीस घंटे तक रहने की संभावना है। इसके बाद हवा की दिशा में बदलाव होने से चार दिनों में तीन डिग्री तक गर्मी बढ़ने की संभावना है। अभी रात दिन का तापमान सामान्य से केवल दो डिग्री अधिक है।

फरवरी के पांच दिनों तक प्रदेश में गर्मी ने अपना असर दिखाया था, इस दौरान एसी-कूलर भी जरूरत महसूस होने लगी थी। राजधानी रायपुर में ही गर्मी का प्रभाव 36 डिग्री तक हो गया था। इसी बीच दो दिन पहले हवा की दिशा में बदलाव हुआ और उत्तरी हवा का असर बढ़ने से ठंड की वापसी हुई।

हवा की दिशा में होगा बदलाव



दिन में तो बड़ा बदलाव नहीं हुआ, मगर रात में ठीक ठाक ठंड महसूस होने लगी। पिछले चौबीस घंटे में भी ठंड का असर महसूस होता रहा और दिन को भी थोड़ी गर्मी रही।

VISHWABHARTI AUTOMOBILES

MARUTI SUZUKI ARENA

Vishwabharti Automobiles Pvt. Ltd.

50% OFF ON RTO

आज ही EXPO डील्स के साथ
बुक करें अपनी नई मारुती सुजुकी एरीना कार

Vidhan Sabha Road, Mowa, Raipur (C.G.) 6262620000

MARUTI SUZUKI NEXA

HUGE SAVINGS UPTO ₹3,50,000*

BOOK YOUR NEW MARUTI SUZUKI NEXA CAR NOW!

यशवंत अग्रवाल
(मैनेजिंग डायरेक्टर)

50% OFF ON Road Tax

अभिषेक अग्रवाल
(डायरेक्टर)

*TERMS AND CONDITIONS APPLY

NEXA Vidhan Sabha Road, Beside Shanti Sarovar Brahmakumari, Raipur (C.G.)
6262620001

Nexa Devpuri, New Dhamtari Road, Raipur (C.G.)
6262620004

भसीन मोटर्स
▪ मैग्नेटो मॉल के पास, छोकरानाला, कृषक नगर, रायपुर (छ.ग.)
▪ वालफोर्ट सिटी के सामने, भाटागांव, रिंग रोड नं. 1, रायपुर (छ.ग.)
Mob.: 9167394851, 7506018726
www.bhasinmotors.com sales@bhasinmotors.com

खबर संक्षेप

ईवीएम मशीन पहुंची तिल्दा स्ट्रांग रूम सिल इस बार 31 मतदान केंद्र

तिल्दा नेवरा। नगरीय निकायों का चुनाव आगामी 11 फरवरी को किया जाएगा। इसी परिपेक्ष्य में तिल्दा नेवरा नगर पालिका के लिए बीएनबी शासकीय स्कूल को स्ट्रांग रूम बनाया गया है। शनिवार को ईवीएम मशीनों को कड़ी सुरक्षा के बीच लाया गया है और स्ट्रांग रूम में रख कर सिल लगा दिया गया है। साथ ही तिल्दा नेवरा के पूरे 22 वार्डों के लिए इस बार 31 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। पिछली बार से 9 मतदान केंद्र बढ़े हैं। बताया गया है कि इस बार एक हजार से ज्यादा की जनसंख्या वाले वार्डों के लिए 2 मतदान केंद्र होंगे। इससे मैदान केंद्रों पर भीड़ कम होगी। वार्ड 19 के लिए भी इस बार 2 मतदान केंद्र बनाए गए है।

सरकारी कर्मचारियों ने किया पोस्टल मतदान

तिल्दा नेवरा। तिल्दा नेवरा नगर पालिका के लिए मतदान 11 फरवरी को होना है। साथ ही जिन सरकारी नौकरी पेशा लोगों की चुनावी ड्यूटी लगी है वे तहसील कार्यालय तिल्दा नेवरा पहुंचकर बैलेट पेपर पद्धति से मतदान किए। ऐसे अधिकारी कर्मचारियों के लिए तहसील कार्यालय में ही मतदान केंद्र बनाया गया था। शनिवार सुबह 9.30 बजे से मतदान प्रक्रिया जारी था। मतदान के पश्चात मत पेटी को सिल कर नेवरा थाना में सुरक्षित रखवाया गया है।

चुनाव मानदेय का हो नगद भुगतान

आरंग। विधानसभा चुनाव का मानदेय अभी तक कई कर्मचारियों का लंबित है। पूर्व में मतदान अधिकारियों के लिए नगद मानदेय भुगतान की व्यवस्था थी। किंतु पिछले कुछ चुनावों में मानदेय की राशि संबंधितों के खाते में ट्रांसफर कर दी जाती है। जिसके चलते मानदेय का समुचित भुगतान नहीं हो पाता। शिक्षक संघ के प्रवक्ता पं. छत्रधर दीवान ने नगरीय निकाय व पंचायत चुनावों में मतदान अधिकारियों को मतदान के पश्चात मतदान स्थल पर ही मानदेय का नगद भुगतान का आग्रह किया है।

चुनाव प्रचार करने पहुंचे दिग्गज : भाजपा व कांग्रेस ने मतदाताओं से मांगा समर्थन

विकास के लिए हमेशा रहेंगे तत्पर : बृजमोहन
जुमलेबाजी व धमकी से घबराना नहीं : भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

नगर पालिका परिषद आरंग के भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी डॉ. संदीप जैन एवं भाजपा पार्षद प्रत्याशीयों के समर्थन में रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा आरंग शहर मे शाम 6 बजे रोड शो ओडका से प्रारंभ हुआ। रोड शो भाजपा पार्षद प्रत्याशीयों के पक्ष मे मतदान की अपील करते हुए आगे बढ़ा जिसका इंदिरा चौक के पास भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कर्मा माता चौक से होते हुए इंदिरा चौक से हरदेव लाल बाबा चौक, बस स्टैंड, नेता जी चौक से श्याम बाजार, आजाद चौक, बरगुड़ी चौक, पटेल चौक, मछली चौक, बागेश्वर पारा, लोधी गुड़ी, लोधी पारा चौक, रामनगर चौक, केवशी लोधी पारा, शीतला पारा मे रोड शो का नागरिकों ने भव्य स्वागत किया। बृजमोहन अग्रवाल ने नागरिकों का अभिवादन करते हुए नेताजी चौक, श्याम बाजार, बरगुड़ी चौक, मछली चौक, बागेश्वर मंदिर चौक, लोधी पारा चौक मे सभा के माध्यम से लोगों को कमल फूल पर वोट डालने की अपील की। सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं संदीप जैन लोगों को पूर्ण विश्वास दिला रहे कि वह जनता की मूलभूत सुविधाओं के साथ उनके सुख–दुख में हमेशा खड़े रहेंगे और नगर और वार्ड के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। इस जनसंपर्क रोड शो के दौरान डॉ. संदीप जैन ने भारतीय जनता पार्टी की आगामी योजनाओं से मतदाताओं को रूबरू करवाया। इस दौरान भाजपा के सभी पार्षद प्रत्याशी व भाजपा आरंग मण्डल के कार्यकर्ता सभी बूथ के पदाधिकारी सहित आरंग नगर बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

- सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने किया रोड शो और भूपेश ने किया प्रचार

भाजपा सरकार योजनाओं का नाम बदला

तिल्दा नेवरा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज शाम गांधी चौक नेवरा पहुंचे और कांग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी लक्ष्मीनारायण वर्मा सहित सभी पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के जुमलेबाजी और धमकी चमकी से नहीं घबराना है। नगर पालिका चुनाव में कांग्रेस अध्यक्ष सहित सभी पार्षद प्रत्याशियों को विजय बनाना है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित मुख्य मंत्री विष्णु देव साय की भी खिंचाई की साथ ही क्षेत्रीय विधायक व मंत्री टंक राम वर्मा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा में मंत्री की भी नहीं चल रही है, मंत्री टंक राम कोई काम के मंत्री नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार योजनाओं का नाम बदल डाली। उन्होंने कहा कि आपने कांग्रेस के हमारे 5 साल के कामकाज को देखा है। कांग्रेस पार्टी काम पर विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि तिल्दा नेवरा का विकास कराना है तो कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनावे। कार्यक्रम को पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा ने भी संबोधित किया। अध्यक्ष प्रत्याशी लक्ष्मीनारायण वर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने मुझ पर भरोसा करते हुए अध्यक्ष का टिकट दिया है, आपने मुझे लगातार 3 बार पार्षद चुनकर सेवा का मौका दिया है अब अध्यक्ष बनाकर सेवा का मौका देवे। इस अवसर पर भारी संख्या में नागरिक गण उपस्थित हुए।

टेकारी स्कूल में पेयजल की समस्या निजात दिलाने नए बोर की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

ग्राम टेकारी (कुंडा) स्थित विद्यालय परिसर में फरवरी माह के शुरूआत से ही पेयजल की समस्या भयावह होने लगा है। इस परिसर में उच्चतर, उच्च व पूर्व माध्यमिक शाला लगता है। छात्र-छात्राओं, गुरुजनों व कर्मचारी वृंद को मिला शैक्षणिक दिवसों पर यहां 500 शालेय परिवार सदस्य मौजूद रहते हैं। समस्या की भयावहता को देखते हुये शाला विकास समिति, पंचायत व ग्रामीण सभा ने प्रशासन से अविलंब नया बोर खनन का आग्रह किया है और जनप्रतिनिधियों के चुनावी समर में व्यस्तता के चलते मुलाकात न हो पाने की वजह से मेल से ज्ञापन भेज ध्यानाकर्षण कराया है। यह ग्राम संसदीय क्षेत्र रायपुर व विधानसभा आरंग के अधीन स्थित है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र समाप्त होने में अभी लगभग ढाई माह से अधिक समय बाकी है पर अभी से उठ खड़े हो रहे पेयजल की समस्या दिन-प्रतिदिन विकराल रूप धारण करते जा रहा है। परिसर में स्थित बोरवेल सूख चले हैं। जानकारी मिलने पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष शंकर वर्मा, समिति में मनोनीत सांसद प्रतिनिधि मिथिलेश साहू, विधायक प्रतिनिधि राजू मनहरे व सदस्यगण, पूर्व अध्यक्ष हुलासराम वर्मा, ग्रामीण सभा अध्यक्ष रामनाथ वर्मा व कोषाध्यक्ष अशोक नायक, सरपंच नंदकुमार यादव सहित किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने परिसर पहुंच स्थिति का जायजा लिया व ग्राम के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने विभागीय मंत्री केदार कश्यप, क्षेत्रीय सांसद बृजमोहन अग्रवाल व क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत सिंह साहेब से मुलाकात करने का प्रयास किया पर उनके चुनावी व्यस्तता के चलते मुलाकात संभव नहीं हो पाया। इस स्थिति में श्री शर्मा ने इन तीनों को मेल से ज्ञापन भेज वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए शाला परिवार के हित में अविलंब नया बोरवेल करवाने का आग्रह किया है।

मनवा कुर्मी समाज का 16 को धरसींवा में अधिवेशन

सिलयारी। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज का 8वां राज अधिवेशन आगामी 16 फरवरी को धरसीवां राज़ अधिवेशन में होने जा रहा है जिसे लेकर सभी ग्राम प्रमुखो एवं पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई समाज ग्राम प्रमुख नोहर सिंह वर्मा ने बताया कि इस बार धरसीवां राज़ अधिवेशन 16 फरवरी को औद्योगिक क्षेत्र सांकरा (निक्को) में होगा जिसमें सुबह कलश यात्रा निकाली जाएगी और इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल,अध्यक्षता खोड़सराम कश्यप केन्द्रीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज, संयोजक नीलमणि परगनिहा धरसीवां राज़ प्रधान एवं अतिविशिष्ट अतिथि विजय बघेल संरक्षक व सांसद दुर्ग,टंकराम वर्मा केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ राज्य शासन व विशिष्ट अतिथि समस्त राजप्रधान शामिल होंगे साथ ही साथ मनवा कुर्मी समाज के लोग उपस्थित होंगे।

सोनवानी वाको किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर

अभनपुर। विकासखंड के ग्राम आमनेर निवासी सागर सोनवानी ने नई दिल्ली मे आयोजित राष्ट्रीय वाको किक बॉक्सिंग चैम्पियनशिप के सीनियर कैटेगिरी मे दूसरा स्थान प्राप्त किया है। सागर,प्रेमचंद सोनवानी के पुत्र है जो कोच नमेधारी सोनवानी,मनीष बाग के मार्गदर्शन मे किकबॉक्सिंग की बारिकियां सीख यह उपलब्धि हासिल किया है,चैम्पियनशिप मे भारत के साथ ग्रेट ब्रिटेन,कजाकिस्तान,उज्बेकिस्तान सहित विभिन्न देश के सैकड़ो एवं ऑफिशल खिलाडियो ने हिस्सा लिया। बता दे कि सागर सोनवानी पहले खिलाड़ी है जिसको रायपुर जिले से किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में रजत पदक मिला है। घर वापसी पर पतंजलि योग समिति द्वारा अभनपुर बस स्टैड मे आतिशबाजी क र जोरदार स्वागत किया गया। छत्तीसगढ़ किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगनलाल मुंदड़ा, संस्थापक तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरु दीवान, लालजी साहू, नवीन शर्मा, राकेश साहू, श्रद्धा सिंह, तरणी साहू, निर्मला साहू, सुमी मजूमदार, गार्गी साहू, कृतिका सिन्हा, जानवी सिन्हा, वेद प्रकाश पांडे,खेल प्रेमियो, प्रशिक्षको, अभिभावको सहित क्षेत्र के लोगो ने शुभकामनाएं दी है।

अमेरिका के राष्ट्रपति और पीएम का किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

अप्रवासीय भारतीयों के साथ अमेरिका में क्रूरतापूर्वक अपराधियों जैसा सलूक किया जा रहा है। हाथ में हथकड़ी पैर में बेड़ियां जड़ कर अपनी विमान से भारत में छोड़ा जा रहा है ,हमारे देश के प्रधान मंत्री मोदी इस प्रकार अपमान के बावजूद किसी प्रकार का प्रतिक्रिया नहीं व्यक्त किया जा रहा है जिस प्रकार से छोटा छोटा देश अपने देश के नागरिकों को सम्मान पूर्वक अपनी देश की विमान भेज कर स्वदेश वापसी पर स्वागत किया जा रहा है लेकिन भारत के बनावटी देश प्रेमी प्रधान मंत्री अप्रवासी भारतीयों के साथ अमेरिका द्वारा क्रूरता, बर्बरता के बाद भी अमेरिका के सामने नतमस्तक है जिसका विरोध करते है इस घटना ,कृत की निंदा करते है कांग्रेसियों ने घटना से उद्वेलित होकर मोदी एवं अमेरिका राष्ट्रपति का धरसीवा में पुतला दहन किया गया । कार्यक्रम जिला कांग्रेस अध्यक्ष रायपुर उधो वर्मा के नेतृत्व में हुआ कार्यक्रम में पूर्व सांसद छाया वर्मा,ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा,भावेश बघेल,राजा भैया,साहिल खान रितेश श्रीवाश,ढाल चंद,अनिल बघेल,अनिल लहरी सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

भाजपा प्रत्याशी गज्जू साहू ने घर-घर पहुंचकर मांगा जनसमर्थन

रायपुर। वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक-16 संतोषी नगर क्षेत्र एवं शिवानंद नगर में भाजपा प्रत्याशी गज्जू साहू ने घर-घर पहुंचकर जनसंपर्क किया गया। इस दौरान वार्ड में कई क्षेत्रों में उनका जनता एवं मतदाताओं ने आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने आगामी 5 वर्षों में वार्ड के विकास को एक नया आयाम देने का वायदा करते हुए वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक-16 को रायपुर का सर्वश्रेष्ठ और सुंदर वार्ड बनाने का संकल्प लिया। गज्जू साहू ने मतदाताओं से उनकी समस्याएं पूछीं और कहा कि इस चुनाव में भी मतदाताओं का उन्हें यदि सहयोग प्राप्त होता है तो अपने वार्ड को सर्वांगीण विकास के मार्ग पर ले जाते हुए इस वार्ड को रायपुर नगर निगम के सर्वाधिक सुंदर वार्डों में उच्च स्थान दिलाने का पूरा प्रयत्न करेंगे।

दिल्ली में खिला कमल, लहराने लगा भगवा

सिलयारी। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत से कार्यकर्ताओं के चेहरों खुशी से चमकने लगे। क्योंकि पिछले दो बार चुनाव में एक्जिट पोल में जीत दिखने के बाद भी हार गए थे। आज जैसे ही भाजपा जीत निश्चित हो गई तो बधाईयों का सिलसिला शुरू हो गई। आज सुबह से ही लोगों की नजरें दुरदर्शन पर लगी हुई थी।जैसे-जैसे बैलेट पेपर पर भाजपा की बढ़त दिखाई देने लगी, कार्यकर्ताओं की उम्मीद भी बढ़ने लगी। दोपहर तक रिजल्ट के बाद पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेश नायक ने कहा कि 27 साल के बाद दिल्ली में भाजपा की वापसी से अंधकार का अंत हो गया। पूर्व विधायक देवजीभाई पटेल ने भाजपा की लगातार जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी इसका श्रेय देते कहां कि लोगों ने मोदी पर ही विश्वास जताया।

किरण देव बोले- अब पूरे देश में कांग्रेस पार्टी अप्रासंगिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा दिल्ली में रिकार्ड जीत दर्ज करते हुए सरकार बनाने जा रही है। मोदी की गारंटी पर दिल्लीवासियों ने भरोसा जताते हुए आपदा बन चुकी भ्रष्टाचार में संल्पित आम आदमी पार्टी को नकार दिया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी दिल्ली ही नहीं, पूरे देश में अप्रासंगिक हो गई है। श्री देव ने कहा, परिवारवाद और निजी स्वार्थ की नींव पर खड़ी पार्टियां जनता के बीच अस्वीकार्य हो गई हैं। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण है कि जहां पीएम मोदी देश के मान-सम्मान को विश्व स्तर पर नई ऊंचाइयों पर लेकर गए हैं और भारत को विश्व गुरु के रूप में स्थापित किया है, वहीं कांग्रेस पार्टी के नेता और राहुल गांधी भारत की छवि को विदेशों में धूमिल करने में जुटे हैं और देश में भारतीय लोकतंत्र और संविधान के नाम दुष्प्रचार और प्रोपोगंडा फैलाने में लगे हुए थे। अब कांग्रेस और इनकी सहयोगी पार्टियों के किसी भी दुष्प्रचार और झूठे वादों के झांसे में किसी भी राज्य की जनता नहीं आने वाली है। श्री देव ने कहा, जहां भी कांग्रेस और इनकी सहयोगी पार्टियों की सरकारें आती हैं, वहां सिर्फ देश को लूटने का काम करती हैं। इनकी देश विरोधी मानसिकता और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति दूषित सोच को देश की जनता समझ चुकी है।

- दिल्ली में खाता भी नहीं खोल पाई

खदान बस्ती वालों को स्थायी पट्टा, मंगलबाजार, डगनिया बाजार में सुलभ शौचालय की मांग चुनाव में मुख्य मुद्दा

वार्ड नंबर 39
ठाकुर प्यारेलाल वार्ड

कुल मतदाता : 17,617
पुरूष मतदाता 8,629
महिला मतदाता 8,986

शामिल एरिया :शांतिविहार कालोनी डगनिया, राजकुमार कालेज क्षेत्र, कृष्णानगर, खदान बस्ती, विवेकानंद आश्रम का क्षेत्र, डूंगाजी कालोनी, सीएसईबी कालोनी, मुकुट नगर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ठाकुर प्यारेलाल वार्ड नंबर 39 में डगनिया खदान बस्ती के रहवासियों को स्थायी पट्टा, मंगलबाजार और डगनिया बाजार क्षेत्र में सुलभ शौचालय और ड्रेनेज की लचर व्यवस्था निगम चुनाव में मुख्य मुद्दा रहेगा। अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से अस्तित्व में रहे वार्ड की तासीर ये है, अब तक के हुये चुनाव में कांग्रेस ने 4 बार पार्षद पद की कुर्सी पर कब्जा रखा। जनता पार्टी के हिस्से में 1 बार और भाजपा तथा निर्दलीय एक-एक बार पार्षद का चुनाव जीते। पहली बार 1980 में हुये वार्ड पार्षद के चुनाव में जनता पार्टी से डॉ. शंकर दुबे चुनाव जीतकर पार्षद बने। अबकि बार चुनाव में यह वार्ड सामान्य वर्ग की महिला के लिए आरक्षित है। चुनाव मैदान में भाजपा से सुमन-अशोक पांडे और कांग्रेस से संगीता-गौरीशंकर दुबे के बीच मुकाबला है। कांग्रेस का गढ़ रहे ठाकुर प्यारेलाल वार्ड में 8 वीं बार अपने पसंद का पार्षद चुनने 17 हजार से अधिक मतदाता 11 फरवरी को मतदान करेंगे। पिछले बार हुये वार्ड चुनाव में कांग्रेस से ज्ञानेश शर्मा ने भाजपा प्रत्याशी अशोक पांडे को 385 मतों से हराकर पार्षद पद का चुनाव जीता। दिलीप यदु दो बार इस वार्ड से पार्षद चुने गये। 2004 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उन्होंने कांग्रेस और भाजपा के उम्मीवार को शिकस्त दी। बाद वे भाजपा में शामिल हुए और 2014 में भाजपा की टिकट पर चुनाव जीतकर पार्षद पद की कुरसी अपने नाम की। कांग्रेस से बसंत गिरपुंजे इसी वार्ड से 2 बार पार्षद चुने गये।

आमने- सामने

5 साल में विकास कार्य रहा प्रभावित

सुमन पांडे
कांग्रेस प्रत्याशी

पिछले 5 साल में वार्ड विकास का कार्य प्रभावित रहा। जबकि भाजपा शासनकाल में लाखों रुपये के विकास कार्य स्वीकृत हुए। डगनिया बाजार चौक में शौचालय की व्यवस्था नहीं होने से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ती है, इसकी मांग एक अरसे से रहवासी कर रहे हैं पर अभी तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। वार्ड की साफ-सफाई व्यवस्था लचर है इसे सुधारने की मांग स्थानीय रहवासी करते आ रहे हैं। आवारा मवेशियों का चौक-चौराहों और बाजार क्षेत्र में जमावड़ा होने से दुघर्टना की आशंका बनी रहती है। मवेशियों की धरपकड़ पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। डगनिया खदान बस्ती के रहवासियों को 5 साल का पट्टा और आमापारा के निगम कालोनी प्रभावित लोगों को प्रधानमंत्री आवास सुव्यवस्थित रूप से रहने की व्यवस्था कराना हमारी प्राथमिकता रहेगी। इसके साथ डगनिया के सब्जी बाजार को सुव्यवस्थित करने प्रयास किया जायेगा।

आरोप निराधार : ज्ञानेश शर्मा निवृत्तमान पार्षद

पांच साल में वार्ड विकास के कई कार्य कराये गये। यह बात वार्ड की जनता अच्छी तरह से जानती है। आरोप निराधार है। मेरे कार्यकाल में वार्ड के हर गली कूचों का डामरीकरण कराया गया। जरूरत के हिसाब से सार्वजनिक जगहों पर शौचालय की व्यवस्था बनाई गई।

खदान बस्ती वालों को स्थायी पट्टा दिलाना प्रमुख प्राथमिकता

संगीता दुबे
कांग्रेस प्रत्याश

डगनिया खदान बस्ती में सालों से रहने वाले परिवारों को स्थायी पट्टा दिलवाना, आमापारा के निगम कालोनी में रहने वाले गरीब परिवारों को उसी जगह पर रहने के लिए सुव्यवस्थित कराना प्रमुख प्राथमिकता रहेगी। मुख्य मार्ग गौतमनगर, ईदगाहभाठा क्षेत्र, डगनिया की रहवासी बस्ती में लोगों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने और ड्रेनेज सिस्टम को दुरस्त करान काम कराया जायेगा। वार्ड स्वच्छ और सुंदर बने इसके लिए साफ-सफाई और जन सहयोग से हरियाली लाने प्रयास किया जायेगा। बच्चों के लिए ई लाइब्रेरी और वार्ड के छोटे-छोटे गार्डन में लोगों की सुविधा के लिए ओपन जिम की व्यवस्था करायेंगे।

माधवराव सप्रे वार्ड में निर्दलीय का रहा दबदबा

वार्ड नंबर 69
माधवराव सप्रे वार्ड

कुल मतदाता 16,024
पुरूष मतदाता 7,942
महिला मतदाता 8,076
तृतीय लिंग मतदाता 6

शामिल एरिया
शांतिविहार कालोनी डगनिया, राजकुमार कालेज क्षेत्र, कृष्णानगर, खदान बस्ती, विवेकानंद आश्रम का क्षेत्र, डूंगाजी कालोनी, सीएसईबी कालोनी, मुकुट नगर।

कांग्रेस अब तक खाता नहीं खोल पाई भाजपा को महज एक बार मौका

पांचवी बार पार्षद चुनने 16 हजार वोटर उत्साहित

इंद्रप्रस्थ फेज 1, फेज 2, आरडीए की बीएसयूपी कालोनी और बांस टाल एरिया के वोटर कटे पिछली बार चुनाव निर्दलीय बीरेन्द्र देवांगन भाजपा के लोकेश चक्रधारी को हराया

रायपुर। नगर निगम जोन 8 के माधवराव सप्रे वार्ड नंबर 69 का अजब इतिहास रहा है। यहां निर्दलीय प्रत्याशी लोगों के दिलों में राज करते रहे। 3 बार निर्दलीय प्रत्याशी भाजपा और कांग्रेस जैसे प्रतिष्ठित राजनीतिक दल पर भारी पड़े। महज एक बार कांग्रेस के प्रत्याशी की किस्मत चमकी और पार्षद चुनकर आये। कांग्रेस को अब तक पार्षद पद की कुरसी नसीब नहीं हुई।

इस बार चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला रोचक होने जा रहा है। जिसमें भाजपा से महेन्द्र औसर, कांग्रेस बीरेन्द्र देवांगन और निर्दलीय उत्तम चक्रधारी चुनाव मैदान में ताल ठोकते नजर आ रहे हैं। 16 हजार वोटर किसके पक्ष में अपना कीमती वोट देते हैं इस पर परिणाम का दारोमदार रहेगा। शहर के आउटर में स्थित पंडित माधवलाल सप्रे वार्ड में मूलभूत समस्या को लेकर चुनावी जंग लड़ी जा रही है। 2019 में हुये वार्ड पार्षद के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी बीरेन्द्र देवांगन ने भाजपा के लोकेश चक्रधारी को 400 वोटों से हराकर पार्षद पद की कुर्सी पर काबिज हुये। 2014 के निगम चुनाव में दीनबंधु सिंह ठाकुर ने बीरेन्द्र देवांगन को 300 मतों से हराकर पार्षद का चुनाव जीते। इससे पहले 2009 के वार्ड पार्षद चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी दीनबंधु सिंह ठाकुर ने भाजपा के गज्जू साहू को हराया था। 2004 के चुनाव में भाजपा की शारदा गोस्वामी ने कांग्रेस की सुभ्रदा निषाद को हराकर पार्षद चुनी गई।

आमने- सामने

20 साल पीछे हो गया वार्ड

महेन्द्र औसर
भाजपा प्रत्याशी

निवृतमान पार्षद ने पिछले 5 साल में कोई काम नहीं किया। लोगों की शिकायत रही कि वे जनता की समस्या सुनने की जगह ये कहकर टालते कि आपके इलाके वालों ने हमें वोट नहीं दिया। वार्ड विकास का काम इन 5 सालों में ठप रहा। और विकास के मामले में यह वार्ड 20 साल पीछे हो गया। ना रोड बनवाया, ना निकास नाली की दशा सुधरी। जमीनी स्तर पर नये सिरे से वार्ड में काम करने की जरूरत है। इसलिए जनता को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी।

5 साल में 42 करोड़ के विकास कार्य करवाये

बीरेन्द्र देवांगन
कांग्रेस प्रत्याशी

आरोप पूरी तरह बेबुनियाद है। पिछले 5 साल में 42 करोड़ के विकास कार्य कराये गये, इसे लेकर जनता के बीच चुनाव में जा रहा हूं। लोगों की पेयजल सुविधा के लिए रायपुरा में नई पानी टंकी का निर्माण करवाया। रायपुरा के गिरजाशंकर स्कूल को आत्मानंद स्कूल बनवाने का काम हुआ। वार्ड में 4 नए राशनदुकान खुलवाना, आवागमन के लिए पक्की सड़क, निकास नाली, जोरा, गढ़ही तालाब और बघवा तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य मेरे कार्यकाल में ही कराया गया।

किरण देव बोले- अब पूरे देश में कांग्रेस पार्टी अप्रासंगिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा दिल्ली में रिकार्ड जीत दर्ज करते हुए सरकार बनाने जा रही है। मोदी की गारंटी पर दिल्लीवासियों ने भरोसा जताते हुए आपदा बन चुकी भ्रष्टाचार में संलिप्त आम आदमी पार्टी को नकार दिया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी दिल्ली ही नहीं, पूरे देश में अप्रासंगिक हो गई है। श्री देव ने कहा, परिवारवाद और निजी स्वार्थ की नींव पर खड़ी पार्टियां जनता के बीच अस्वीकार्य हो गई हैं।

- दिल्ली में खाता भी नहीं खोल पाई

इसके पीछे सबसे बड़ा कारण है कि जहां पीएम मोदी देश के मान-सम्मान को विश्व स्तर पर नई ऊंचाइयों पर लेकर गए हैं और भारत को विश्व गुरु के रूप में स्थापित किया है, वहीं कांग्रेस पार्टी के नेता और राहुल गांधी भारत की छवि को विदेशों में धूमिल करने में जुटे हैं और देश में भारतीय लोकतंत्र और संविधान के नाम दुष्प्रचार और प्रोपोगंडा फैलाने में लगे हुए थे। अब कांग्रेस और इनकी सहयोगी पार्टियों के किसी भी दुष्प्रचार और झूठे वादों के झांसे में किसी भी राज्य की जनता नहीं आने वाली है। श्री देव ने कहा, जहां भी कांग्रेस और इनकी सहयोगी पार्टियों की सरकारें आती हैं, वहां सिर्फ देश को लूटने का काम करती हैं। इनकी देश विरोधी मानसिकता और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति दूषित सोच को देश की जनता समझ चुकी है।

खदान बस्ती वालों को स्थायी पट्टा, मंगलबाजार, डगनिया बाजार में सुलभ शौचालय की मांग चुनाव में मुख्य मुद्दा

वार्ड नंबर 39 ठाकुर प्यारेलाल वार्ड

कुल मतदाता : 17,617
पुरूष मतदाता 8,629
महिला मतदाता 8,986

शामिल एरिया : शांतिविहार कालोनी डगनिया, राजकुमार कालेज क्षेत्र, कृष्णानगर, खदान बस्ती, विवेकानंद आश्रम का क्षेत्र, डूंगाजी कालोनी, सीएसईबी कालोनी, मुकुट नगर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ठाकुर प्यारेलाल वार्ड नंबर 39 में डगनिया खदान बस्ती के रहवासियों को स्थायी पट्टा, मंगलबाजार और डगनिया बाजार क्षेत्र में सुलभ शौचालय और ड्रेनेज की लचर व्यवस्था निगम चुनाव में मुख्य मुद्दा रहेगा। अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से अस्तित्व में रहे वार्ड की तासीर ये है, अब तक के हुये चुनाव में कांग्रेस ने 4 बार पार्षद पद की कुर्सी पर कब्जा रखा। जनता पार्टी के हिस्से में 1 बार और भाजपा तथा निर्दलीय एक-एक बार पार्षद का चुनाव जीते। पहली बार 1980 में हुये वार्ड पार्षद के चुनाव में जनता पार्टी से डॉ. शंकर दुबे चुनाव जीतकर पार्षद बने। अबकि बार चुनाव में यह वार्ड सामान्य वर्ग की महिला के लिए आरक्षित है। चुनाव मैदान में भाजपा से सुमन-अशोक पांडे और कांग्रेस से संगीता-गौरीशंकर दुबे के बीच मुकाबला है। कांग्रेस का गढ़ रहे ठाकुर प्यारेलाल वार्ड में 8 वीं बार अपने पसंद का पार्षद चुनने 17 हजार से अधिक मतदाता 11 फरवरी को मतदान करेंगे। पिछले बार हुये वार्ड चुनाव में कांग्रेस से ज्ञानेश शर्मा ने भाजपा प्रत्याशी अशोक पांडे को 385 मतों से हराकर पार्षद पद का चुनाव जीता। दिलीप यदु दो बार इस वार्ड से पार्षद चुने गये। 2004 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उन्होंने कांग्रेस और भाजपा के उम्मीवार को शिकस्त दी। बाद वे भाजपा में शामिल हुए और 2014 में भाजपा की टिकट पर चुनाव जीतकर पार्षद पद की कुरसी अपने नाम की। कांग्रेस से बसंत गिरपुंजे इसी वार्ड से 2 बार पार्षद चुने गये।

आमने- सामने

5 साल में विकास कार्य रहा प्रभावित

पिछले 5 साल में वार्ड विकास का कार्य प्रभावित रहा। जबकि भाजपा शासनकाल में लाखों रुपये के विकास कार्य स्वीकृत हुए। डगनिया बाजार चौक में शौचालय की व्यवस्था नहीं होने से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ती है, इसकी मांग एक अरसे से रहवासी कर रहे हैं पर अभी तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। वार्ड की साफ-सफाई व्यवस्था लचर है इसे सुधारने की मांग स्थानीय रहवासी करते आ रहे हैं। आवारा मवेशियों का चौक-चौराहों और बाजार क्षेत्र में जमावड़ा होने से दुघर्टना की आशंका बनी रहती है। मवेशियों की धरपकड़ पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। डगनिया खदान बस्ती के रहवासियों को 5 साल का पट्टा और आमापारा के निगम कालोनी प्रभावित लोगों को प्रधानमंत्री आवास सुव्यवस्थित रूप से रहने की व्यवस्था कराना हमारी प्राथमिकता रहेगी। इसके साथ डगनिया के सब्जी बाजार को सुव्यवस्थित करने प्रयास किया जायेगा।

सुमन पांडे
कांग्रेस प्रत्याशी

आरोप निराधार : ज्ञानेश शर्मा, निवृत्तमान पार्षद

पांच साल में वार्ड विकास के कई कार्य कराये गये। यह बात वार्ड की जनता अच्छी तरह से जानती है। आरोप निराधार है। मेरे कार्यकाल में वार्ड के हर गली कूचों का डामरीकरण कराया गया। जरूरत के हिसाब से सार्वजनिक जगहों पर शौचालय की व्यवस्था बनाई गई।

खदान बस्ती वालों को स्थायी पट्टा दिलाना प्रमुख प्राथमिकता

डगनिया खदान बस्ती में सालों से रहने वाले परिवारों को स्थायी पट्टा दिलवाना, आमापारा के निगम कालोनी में रहने वाले गरीब परिवारों को उसी जगह पर रहने के लिए सुव्यवस्थित कराना प्रमुख प्राथमिकता रहेगी। मुख्य मार्ग गौतमनगर, ईदगाहभाठा क्षेत्र, डगनिया की रहवासी बस्ती में लोगों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने और ड्रेनेज सिस्टम को दुरस्त करान काम कराया जायेगा। वार्ड स्वच्छ और सुंदर बने इसके लिए साफ-सफाई और जन सहयोग से हरियाली लाने प्रयास किया जायेगा। बच्चों के लिए ई लाइब्रेरी और वार्ड के छोटे-छोटे गार्डन में लोगों की सुविधा के लिए ओपन जिम की व्यवस्था करायेंगे।

संगीता दुबे
कांग्रेस प्रत्याशी

माधवराव सप्रे वार्ड में निर्दलीय का रहा दबदबा

वार्ड नंबर 69 माधवराव सप्रे वार्ड

कुल मतदाता 16,024
पुरूष मतदाता 7,942
महिला मतदाता 8,076
तृतीय लिंग मतदाता 6

शामिल एरिया
शांतिविहार कालोनी डगनिया, राजकुमार कालेज क्षेत्र, कृष्णानगर, खदान बस्ती, विवेकानंद आश्रम का क्षेत्र, डूंगाजी कालोनी, सीएसईबी कालोनी, मुकुट नगर।

कांग्रेस अब तक खाता नहीं खोल पाई भाजपा को महज एक बार मौका

पांचवी बार पार्षद चुनने 16 हजार वोटर उत्साहित

इंद्रप्रस्थ फेज 1, फेज 2, आरडीए की बीएसयूपी कालोनी और बांस टाल एरिया के वोटर कटे पिछली बार चुनाव निर्दलीय बीरेन्द्र देवांगन भाजपा के लोकेश चक्रधारी को हराया

रायपुर। नगर निगम जोन 8 के माधवराव सप्रे वार्ड नंबर 69 का अजब इतिहास रहा है। यहां निर्दलीय प्रत्याशी लोगों के दिलों में राज करते रहे। 3 बार निर्दलीय प्रत्याशी भाजपा और कांग्रेस जैसे प्रतिष्ठित राजनीतिक दल पर भारी पड़े। महज एक बार कांग्रेस के प्रत्याशी की किस्मत चमकी और पार्षद चुनकर आये। कांग्रेस को अब तक पार्षद पद की कुरसी नसीब नहीं हुई।

इस बार चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला रोचक होने जा रहा है। जिसमें भाजपा से महेन्द्र औसर, कांग्रेस बीरेन्द्र देवांगन और निर्दलीय उत्तम चक्रधारी चुनाव मैदान में ताल ठोकते नजर आ रहे हैं। 16 हजार वोटर किसके पक्ष में अपना कीमती वोट देते हैं इस पर परिणाम का दारोमदार रहेगा। शहर के आउटर में स्थित पंडित माधवलाल सप्रे वार्ड में मूलभूत समस्या को लेकर चुनावी जंग लड़ी जा रही है। 2019 में हुये वार्ड पार्षद के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी बीरेन्द्र देवांगन ने भाजपा के लोकेश चक्रधारी को 400 वोटों से हराकर पार्षद पद की कुर्सी पर काबिज हुये। 2014 के निगम चुनाव में दीनबंधु सिंह ठाकुर ने बीरेन्द्र देवांगन को 300 मतों से हराकर पार्षद का चुनाव जीते। इससे पहले 2009 के वार्ड पार्षद चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी दीनबंधु सिंह ठाकुर ने भाजपा के गज्जू साहू को हराया था। 2004 के चुनाव में भाजपा की शारदा गोस्वामी ने कांग्रेस की सुभ्रदा निषाद को हराकर पार्षद चुनी गई।

आमने- सामने

20 साल पीछे हो गया वार्ड

निवृतमान पार्षद ने पिछले 5 साल में कोई काम नहीं किया। लोगों की शिकायत रही कि वे जनता की समस्या सुनने की जगह ये कहकर टालते कि आपके इलाके वालों ने हमें वोट नहीं दिया। वार्ड विकास का काम इन 5 सालों में ठप रहा। और विकास के मामले में यह वार्ड 20 साल पीछे हो गया। ना रोड बनवाया, ना निकास नाली की दशा सुधरी। जमीनी स्तर पर नये सिरे से वार्ड में काम करने की जरूरत है। इसलिए जनता को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी।

महेन्द्र औसर
भाजपा प्रत्याशी

5 साल में 42 करोड़ के विकास कार्य कराए

आरोप पूरी तरह बेबुनियाद है। पिछले 5 साल में 42 करोड़ के विकास कार्य कराये गये, इसे लेकर जनता के बीच चुनाव में जा रहा हूं। लोगों की पेयजल सुविधा के लिए रायपुरा में नई पानी टंकी का निर्माण करवाया। रायपुरा के गिरजाशंकर स्कूल को आत्मानंद स्कूल बनवाने का काम हुआ। वार्ड में 4 नए राशनदुकान खुलवाना, आवागमन के लिए पक्की सड़क, निकास नाली, जोरा, गदही तालाब और बघवा तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य मेरे कार्यकाल में ही कराया गया।

बीरेन्द्र देवांगन
कांग्रेस प्रत्याशी

चुनावी हलचल

जनआशीर्वाद यात्रा : मीनल के रोड-शो में मुख्यमंत्री साय ने किया प्रचार

रायपुर। नगर निगम रायपुर के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मीनल चौबे के लिए जनसमर्थन और आशीर्वाद मांगने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी में जनआशीर्वाद यात्रा रोड शो में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय दोपहर रायपुर ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत भनपुरी चौक पहुंचे, जहां से कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, सांसद और चुनाव संचालक बृजमोहन अग्रवाल, चुनाव सहसंचालक व विधायक राजेश मूणत, विधायक सुनील सोनी, मोतीराम साहू, पुरंदर मिश्रा और भाजपा की महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे सहित अन्य भाजपा नेता प्रचार रथ पर सवार होकर निकले। जनआशीर्वाद रैली के माध्यम से रायपुर शहर की जनता से रायपुर निगम में महापौर के लिए मीनल चौबे और संबंधित वार्डों में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान का आशीर्वाद मांगा।

जनता को उत्कृष्ट सुविधाएं मुहैया कराएंगे : साय
प्रचार के दौरान सीएम श्री साय ने कहा, रायपुर नगर निगम में भाजपा प्रत्याशी मीनल चौबे और भाजपा पार्षदों को जीत का आशीर्वाद दीजिए और रायपुर नगर निगम के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी हमारे कंधों पर छोड़िए। हम रायपुर निगम को नए सिरे से संवारेंगे और जनसुविधाओं के लिए तरस रही रायपुर निगम की जनता को उत्कृष्ट सुविधाएं मुहैया कराना हमारी प्राथमिकता है।

जनता का भरोसा भाजपा के साथ : बृजमोहन
लोकसभा सांसद और नगर निगम रायपुर चुनाव संचालक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि पंचायत से सदन तक भाजपा के प्रत्याशी जनता की पहली पसंद बन चुके हैं और उसका प्रत्यक्ष प्रमाण दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे हैं। जहां दिल्ली की जनता ने सभी दलों को नकारते हुए भाजपा को पूर्ण बहुमत प्रदान किया और यह भरोसा हमने अर्जित किया है जनता से किए गए अपने वादों को पूरा करके। आज आप सभी से हमारा वादा है कि मीनल चौबे के नेतृत्व में रायपुर नगर निगम को देश की उत्कृष्ट नगर निगम बना कर रहेंगे।

होने जा रही है ऐतिहासिक जीत : रामविचार
कैबिनेट मंत्री और निगम चुनाव प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि चप्पा-चप्पा भाजपामय है और रायपुर नगर निगम का पूरा माहौल ऐसा है कि हम ऐतिहासिक जीत की ओर अग्रसर हैं। इस बार नगर निगम में बहुमत के साथ भाजपा बैठेगी।

जनता साथ देगी, हमें पूरा विश्वास : मूणत
रायपुर पश्चिम विधायक और चुनाव सहसंचालक राजेश मूणत ने कहा, विश्वास दोनों तरफ है। जनता साथ देगी, हमें विश्वास है, हम काम करके दिखाएंगे, ये जनता को विश्वास है। इसी विश्वास के साथ जनता ने विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव और उपचुनाव में हमें प्रचंड बहुमत से विजयी बनाया। उनका यही विश्वास नगर निगम चुनाव में भी भाजपा के साथ रहेगा।

हमारी लड़ाई निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ : मीनल

जनआशीर्वाद रैली में भाजपा महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे का जगह जगह जनता ने गर्मजोशी से स्वागत किया, महिलाओं में मीनल के प्रति खासा उत्साह और समर्थन देखने को मिल रहा है। विभिन्न स्थानों पर महिलाओं के दल ने अपने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रत्याशी मीनल का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। रैली के दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए मीनल चौबे ने कहा कि हमारी लड़ाई सिर्फ जीत-हार तक सीमित नहीं, हम जनता के हक की लड़ाई लड़ रहे हैं, जिसमें नगर निगम रायपुर में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का निवारण करना हमारी प्राथमिकताओं में है।

शहर को सुव्यवस्थित करना, भूमाफिया से मुक्ति दिलाना मेरी प्राथमिकता : दीप्ति

रायपुर। कांग्रेस की महापौर प्रत्याशी दीप्ति प्रमोद दुबे ने शनिवार को सघन जनसंपर्क अभियान के दौरान आम जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्य लक्ष्य रायपुर शहर को सुव्यवस्थित करना और भूमाफिया से मुक्त कराना है। उन्होंने कहा, 'मुझे बुनियादी सुविधाओं के साथ नगर निगम के कर्मचारियों, व्यापारियों और गुमटी-ठेलों में कारोबार कर अपनी आजीविका चलाने वालों की चिंता है।' जनसंपर्क के दौरान लोग अपनी मांगें और सुझाव रख रहे हैं। दीप्ति ने कहा कि मतदान की तारीख आने से पहले जनता ने तय कर लिया है कि उन्हें कांग्रेस का महापौर चुनना है। साथ ही शहर को भूमाफिया से मुक्त कराना मेरी प्राथमिकता है। मेरे पति प्रमोद दुबे ने शहर के विकास में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से योगदान दिया, अब मैं भी शहर के विकास के लिए पूरी मेहनत से काम करूंगी। महापौर प्रत्याशी दीप्ति प्रमोद दुबे ने शनिवार को रायपुर में विभिन्न इलाकों में व्यापक जनसंपर्क किया। यह अभियान सुबह 8 बजे वीर शिवाजी वार्ड से शुरू होकर शाम 5 बजे महामाया मंदिर वार्ड तक चला। इस दौरान वे वीर सावरकर, दानवीर भामाशाह, पं. दीनदयाल उपाध्याय, ठक्कर बापा, ठाकुर प्यारेलाल, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, वामनराव लाखे सहित कुल 16 वार्डों में पहुंचीं। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय पार्षदों के साथ जनता से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं।

भाजपा प्रत्याशी ममता ने महापौर प्रत्याशी और विधायक के साथ किया जनसंपर्क

रायपुर। भाजपा से महापौर पद की प्रत्याशी मीनल चौबे एवं विधायक सुनील सोनी ने वार्ड क्रमांक-67 भक्त माता कर्मा वार्ड में प्रत्याशी ममता सोनू तिवारी के पक्ष में सघन जनसंपर्क किया। इस बीच वार्डवासी भी लोकप्रिय नेताओं को अपने बीच देखकर खासे उत्साहित रहे।

महापौर प्रत्याशी श्रीमति चौबे ने कहा कि रायपुर नगर निगम के चुनाव में सर्वाधिक चर्चित और सकारात्मक चुनाव प्रबंधन का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए वार्ड क्रमांक-67 की भाजपा प्रत्याशी ममता सोनू तिवारी आजकल वार्ड के मतदाताओं के बीच खासी चर्चा का विषय बनी हुई हैं।

संतोष साहू का वादा- मदर टेरेसा वार्ड को बनाएंगे आदर्श वार्ड

रायपुर। मदर टेरेसा वार्ड क्रमांक 47 के भाजपा प्रत्याशी संतोष साहू का सघन जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है। उनके मिलनसार और सरल स्वभाव के कारण मतदाताओं ने वार्ड के पार्षद प्रत्याशी संतोष साहू को भारी मतों से जिताने का आश्वासन दिया है! जनसंपर्क अभियान के दौरान श्री साहू ने अपने संबोधन में कहा, आगामी 5 वर्षों में उनका वार्ड मूलभूत सुविधाओं में सर्वश्रेष्ठ और सर्वांगीण विकास की सुंदर परिकल्पना को साकार करता हुआ नजर आएगा। उन्होंने सुभाष नगर, उत्कल बस्ती, जलविहार कॉलोनी, रेड्डी गली, यादवपारा में सघन जनसंपर्क किया।

भाजपा प्रत्याशी गज्जू साहू ने घर-घर पहुंचकर मांगा जनसमर्थन

रायपुर। वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक-16 संतोषी नगर क्षेत्र एवं शिवानंद नगर में भाजपा प्रत्याशी गज्जू साहू ने घर-घर पहुंचकर जनसंपर्क किया गया। इस दौरान वार्ड में कई क्षेत्रों में उनका जनता एवं मतदाताओं ने आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने आगामी 5 वर्षों में वार्ड के विकास को एक नया आयाम देने का वायदा करते हुए वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक-16 को रायपुर का सर्वश्रेष्ठ और सुंदर वार्ड बनाने का संकल्प लिया। गज्जू साहू ने मतदाताओं से उनकी समस्याएं पूछीं और कहा कि इस चुनाव में भी मतदाताओं का उन्हें यदि सहयोग प्राप्त होता है तो अपने वार्ड को सर्वांगीण विकास के मार्ग पर ले जाते हुए इस वार्ड को रायपुर नगर निगम के सर्वाधिक सुंदर वार्डों में उच्च स्थान दिलाने का पूरा प्रयत्न करेंगे। जनसंपर्क के दौरान गज्जू साहू के साथ उनके सहयोगियों एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं का सहयोग प्राप्त हुआ।

भाजपा प्रत्याशी पुष्पा रोहित साहू की पदयात्रा, मिल रहा अपार समर्थन

रायपुर। वार्ड क्रमांक-31 से भाजपा प्रत्याशी पुष्पा रोहित साहू ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। उन्होंने वार्ड में पदयात्रा निकालकर घर-घर पहुंचकर मतदाताओं से मुलाकात की और समर्थन मांगा। जनसंपर्क अभियान के तहत खम्हारडीह, पार्वती नगर, वृंदावन कॉलोनी, भावना नगर, सेलटैक्स कॉलोनी, गायत्री नगर तथा शिवनगर में भ्रमण किया। इस दौरान महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों से मिलकर अपने पक्ष में वोट देने की अपील की। वार्डवासियों ने भाजपा प्रत्याशी का भव्य स्वागत किया और उनके विजन को सराहा। इस दौरान पुष्पा रोहित साहू ने कहा कि वार्ड के चहुंमुखी विकास के लिए मेरा संकल्प दृढ़ है।

भाजपा प्रत्याशी गिदवानी के प्रचार में पहुंचे सीएम साय, निकली विशाल रैली

रायपुर। वार्ड क्रमांक-57 पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड से भाजपा प्रत्याशी अमर गिदवानी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे के साथ विशाल रैली निकाली। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत भाजपा की महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे एवं वार्ड प्रत्याशी अमर गिदवानी ने जनता से जीत का आशीर्वाद मांगा। कटोरा तालाब, भगत सिंह चौक बूढ़ी माई चौक, राजेंद्र नगर सतबहनिया चौक, गोवर्धन चौक, दुर्गा माता शिव चौक तक रोड शो में सीएम श्री साय एवं महापौर प्रत्याशी श्रीमति चौबे समेत सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा समेत अन्य भी रैली में शामिल हुए। ओडिशा कांटाभांजी से भाजपा विधायक लक्ष्मण बाघ ने भी यहां भाजपा प्रत्याशियों को भारी मतों से जिताने की अपील की। जनसंपर्क अभियान के तहत छत्तीसगढ़ कालेज एरिया, बैरन बाजार, फौवारा चौक, कालीमाता मंदिर, राज्यपाल कर्मचारी कालोनी, पुलिस लाइन के सामने कर्मचारी कालोनी, पंजाबी कालोनी, अरविंद नगर, उत्कल बस्ती में डोर टू डोर सघन जनसंपर्क किया और समर्थन मांगा। इस दौरान पंचायत के सेवादार एवं पंजाबी गुरुद्वारा के समाजसेवी मित्रसेन धीमान, भाजपा नेत्री हेमलता चंद्राकर, ललित जयसिंह, पवन प्रीतवानी, मुकेश पंजवानी, सुनील शर्मा, राहुल चंदनानी शामिल रहे।

कांग्रेस प्रत्याशी सतनाम का जनसंपर्क, मिल रहा भारी समर्थन

रायपुर। वार्ड क्रमांक-63 से कांग्रेस प्रत्याशी सतनाम सिंह पनाग ने शनिवार को जोरदार जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने वार्ड के विभिन्न इलाकों में नागरिकों से मुलाकात कर अपने विजन और योजनाओं को साझा किया। जनसंपर्क यात्रा की शुरुआत मनोकामना हनुमान मंदिर टिकरापारा से हुई, जहां से बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ यह अभियान आगे बढ़ा। यात्रा बुद्ध विहार, पटेल चौक, क्रांति चौक, संजय नगर झंडा चौक, शारदा होटल होते हुए हरदेवलाला मंदिर में संपन्न हुई। इस दौरान सतनाम सिंह पनाग ने कहा कि वार्ड के विकास और जनता की समस्याओं का समाधान मेरी प्राथमिकता होगी। क्षेत्र में सड़क, सफाई, जल आपूर्ति और अन्य बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र की महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं का भारी समर्थन देखने को मिला। वार्डवासियों ने कांग्रेस प्रत्याशी के प्रति भरोसा जताया और उन्हें चुनाव में समर्थन देने का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री साय के रोड शो में भाजपा ने किया रायपुर में बड़ा शक्ति प्रदर्शन

रथ पर मुख्यमंत्री के साथ सवार रहीं महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे, मंत्री रामविचार नेताम, सांसद बृजमोहन अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में नगरीय निकाय चुनाव का प्रचार थमने के एक दिन पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रोड शो में भाजपा ने बड़ा शक्ति प्रदर्शन किया। शाम को पांच बजे भनपुरी से रोड शो का प्रारंभ किया गया, तो रात 9 बजे तेलीबांधा के मरीन ड्राइव में समाप्त हुआ। इस रोड शो में रथ पर मुख्यमंत्री के साथ रायपुर नगर निगम की महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे, प्रदेश के मंत्री और रायपुर नगर निगम के चुनाव प्रभारी राम विचार नेताम, रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू सवार रहे। इसके पहले मुख्यमंत्री का जगदलपुर में रोड शो हुआ। रविवार को चुनाव प्रचार थमने से पहले मुख्यमंत्री का पहले धमतरी और बाद में दुर्ग में रोड शो होगा। भाजपा ने नगरीय निकाय चुनाव में मुख्यमंत्री साय के दस नगर निगमों में रोड शो और सभाओं का आयोजन किया है। चुनाव प्रचार थमने के एक दिन पहले सुबह को पहले जगदलपुर में रोड शो के बाद मुख्यमंत्री साय शाम को रायपुर लौटे और भनपुरी से रोड शो का प्रारंभ शाम को पांच बजे किया गया। जन आशीर्वाद रैली की अगुवाई युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा बाइक रैली के साथ की गई।

क्रेन के सहारे बड़े हार से स्वागत

भाजपा ने रोड शो के बहाने बड़ा शक्ति प्रदर्शन भी किया। रोड शो जहां से गुजरा वहां पर जगह-जगह रास्ते में सभी वार्डों में मुख्यमंत्री और भाजपा नेताओं का पुष्प वर्षा और आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। एक स्थान पर क्रेन के सहारे एक बड़े पुष्प हार के साथ मुख्यमंत्री और भाजपा नेताओं का स्वागत किया गया। रोड शो भनपुरी से प्रारंभ होकर गुढ़ियारी, रामनगर, तात्यापारा, डीडीनगर, लाखेनगर, पुरानी बस्ती, कंकालीपारा, सदरबाजार, कोतवाली चौक, कटोरातालाब, श्याम नगर गुरुद्वारा होते हुए तेलीबांधा के मरीन ड्राउव पहुंचा। यहां पर रोड शो का समापन हुआ। समापन में जमकर आतिशबाजी की गई। पहले रोड शो का समापन जयस्तंभ चौक में तय किया गया था, लेकिन बाद में रविवार को भाजपा ने इसको संशोधित करते हुए मरीन ड्राइव में समापन तय किया और रोड शो का आकार भी थोड़ा छोटा कर दिया।

भाजपा के प्रत्याशी भी हुए शामिल

रोड शो में भाजपा के 70 वार्डों के भाजपा के प्रत्याशी भी शामिल हुए। रोड शो जिस वार्ड से गुजरा उस वार्ड के प्रत्याशी रोड शो में सबसे सामने पैदल चलते हुए, भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करते रहे। हर वार्ड में भाजपा के प्रत्याशियों के समर्थक भी जुटे थे, जो रोड शो पर पुष्प वर्षा करते रहे।

रायपुर निगम को मेट्रो की तरह करेंगे विकसित : साय

जन आशीर्वाद यात्रा रैली के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, हमारा प्रदेश छत्तीसगढ़ ना सिर्फ हम छत्तीसगढ़ वासियों का अपितु भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के सपनों का प्रदेश है। उनका स्वप्न छत्तीसगढ़ को देश के उत्कृष्ट राज्यों में शामिल करना था। प्रदेश के सर्वांगीण विकास जैसे अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य बेहतर जीवन शैली, आधुनिकीकरण जैसी विभिन्न सुविधाओं से संपन्न प्रदेश का निर्माण अटल जी का स्वप्न था और इसलिए भारतीय जनता पार्टी का मुख्य स्लोगन है हमने बनाया है हम ही संवारेंगे और रायपुर नगर निगम को लेकर भी हमारा लक्ष्य है देश की सर्वश्रेष्ठ नगर निगम में शुमार करना है और निश्चित ही हम रायपुर नगर निगम को देश के मेट्रो शहरों की तर्ज पर विकसित करने की योजना बना रहे है। हमने जनता से किए वादे पूरे किए हैं। उन्होंने कहा, आप रायपुर नगर निगम में भाजपा प्रत्याशी मीनल चौबे और भाजपा पार्षदों को जीत का आशीर्वाद दीजिए और रायपुर नगर निगम के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी हमारे कंधों पर छोड़िए। हम रायपुर निगम को नए सिरे से संवारेंगे और जन सुविधाओं को तरस रही रायपुर निगम की जनता को उत्कृष्ट सुविधाएं मुहैया करवाना हमारी प्राथमिकता है।

आज धमतरी और दुर्ग में सीएम का रोड शो

मुख्यमंत्री साय का रविवार को चुनाव प्रचार थमने से पहले 12 से 2 बजे तक धमतरी में रोड शो होगा। धमतरी का रोड शो समाप्त करने के बाद मुख्यमंत्री दुर्ग पहुंचेंगे। यहां पर दोपहर को 3 से शाम को 5 बजे तक रोड शो होगा।

भाजपा का आरोप- कांग्रेस ने निगम में किया भ्रष्टाचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम के संबंध में आरोप पत्र जारी

भाजपा ने रायपुर नगर निगम को लेकर शनिवार को यहां पर आरोप पत्र जारी किया। भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस के शासन में रायपुर नगर निगम में भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं हुआ है। कांग्रेस के शासन में नगर में विकास के काम भी नहीं हुए। एकात्म परिसर पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री श्रीवास्तव ने आरोप पत्र जारी करते हुए 15 आरोपों की जानकारी दी। उन्होंने कहा, कांग्रेस के 15 साल के शासन में नगर निगम रायपुर में भ्रष्टाचार और लूट के सारे कीर्तमान टूटे। कोरोना महामारी में भी कांग्रेस भ्रष्टाचार से बाज नहीं आई। लगभग 80 लाख रुपए अस्थाई कोविड केयर के सामान का किराया दिया, जबकि उन्हें खरीदने की राशि भी इतनी नहीं होती। तालाबों के सौंदर्यीकरण के नाम पर भी कांग्रेस के महापौर ने जमकर लूट मचाई। करोड़ों रुपए में खरीदे गए फौवारे चंद दिनों में ही बंद पड़ गए। बूढ़ातालाब का 5 करोड़ रुपए लागत का म्यूजिकल फाउंटेन भी शामिल है, जो केवल सौ दिन ही चला। तेलीबांधा से वीआईपी रोड तक का सौंदर्यीकरण बिना टेंडर के ही पूर्ण कर दिया गया था। होर्डिंग्स के मामले में भी कांग्रेस ने भ्रष्टाचार किया। 27 करोड़ का यह घोटाला यूनीपोल घोटाला के नाम से प्रचलित हुआ। नरैया तालाब के सौंदर्यीकरण में भी फर्जीवाड़ा किया गया। 27 लाख का फर्जी वेतन, 40 लाख का टेंडर घोटाला भी सामने आया। 100 की चीजों को हजारों रुपए में खरीदा गया।

शहर में अव्यवस्था, साफ-सफाई का अभाव रहा

श्री श्रीवास्तव ने कहा, शहर में नालियां जाम रहीं, साफ-सफाई न होने की वजह से लगातार कई इलाकों में मलेरिया, पीलिया जैसी बीमारियां फैलती रहीं। व्यावसायिक क्षेत्र में जाने वाली महिलाओं को टॉयलेट की भारी कमी से जूझना पड़ा। जनता से अधिक कर की वसूली भी एक पीड़ा देने वाला विषय रहा। कांग्रेस द्वारा मूल कर में ब्याज, पेनाल्टी इत्यादि जोड़कर जनता को जमकर परेशान किया गया। संप्रदाय विशेष को संरक्षण के कारण लगातार अपराध होते रहे। सभ्य नागरिकों का जीना मुहाल रहा। महापौर के रिश्तेदारों का आतंक न केवल आम निवासियों, बल्कि पुलिस पर भी चलता रहा।

हरिभूमि
रायपुर, रविवार 9 फरवरी 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

18

अमेरिका का टैरिफ वॉर, गर्म हो रहा ...

सिटी लाइव

छत्तीसगढ़ी कविता में बसंत की रंगीन बयार भक्ति रचनाओं से भावनात्मक एहसास

रायपुर। शनिवार को सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य मंडल द्वारा आयोजित आस्था की डुबकी काव्य गोष्ठी कार्यक्रम ने श्रोताओं को भावनात्मक और आध्यात्मिक अनुभव से भर दिया। इस दौरान मउरे आमा घेरी-बेरी, मन ल मोहावय रे.....संगम की जिद छोड़ें, अगर मन आस्था से रंगा है, जैसी काव्य पंक्तियों ने भक्ति और आस्था से भरा एक अनुपम वातावरण रच दिया, जिसमें श्रोताओं ने कविताओं की लहरों में डुबकी लगाई। कार्यक्रम में शहरभर के कवि-शायरों ने अपनी प्रस्तुतियों से एक भक्ति और सांस्कृतिक माहौल बनाया, जो श्रोताओं को अपने साथ बहा ले गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी कविता, शायरी और भक्ति से संबंधित रचनाओं ने सबको भावनात्मक रूप से जोड़ा।

भक्ति के गहरे विचारों में जोड़ा

कवयित्री सविता राय ने अपनी कविता खेतों में पीली सरसों की चादर, आमों की बौरें पलाश फूलों की बहार.., प्रस्तुत की, जिससे दर्शक अपने बचपन के खेतों और खलिहानों को याद करने लगे। वहीं कवि सुनील पांडे की कविता बोतलबंद गंगा में लहर न बहाव होता है, मगर शुद्धिकरण के लिए छिड़काव होता है.., ने श्रोताओं को भक्ति की गहरे विचारों में डुबो दिया। इस काव्य गोष्ठी में सभी कवियों ने बसंत के मौसम और छत्तीसगढ़ी संस्कृति की रंगीन छवियों को अपनी कविताओं में पिरोते हुए श्रोताओं को आनंदित किया। कवियों की प्रस्तुतियों में छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत और भक्ति भाव को नया आयाम मिला, जिससे कार्यक्रम ने एक नई ऊंचाई हासिल की। कार्यक्रम का संचालन सुनील पांडे ने किया और इसमें शहरभर के प्रसिद्ध कवि-शायरों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

लाइव इवेंट

संजीवनी अस्पताल में बच्चों से मिलीं मिस इंडिया यूनिवर्स, बांटी चॉकलेट

रायपुर। श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल में मिस इंडिया यूनिवर्स सुश्री नवेली देशमुख ने दौरा किया। इस दौरान नवेली ने आईसीयू, पोस्ट-ऑप और प्री-ऑप वार्ड का दौरा किया और डॉ. प्रियंका पाटिल से मरीजों की चिकित्सा देखभाल के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा जॉली सिस्टर ने प्री-ऑप वार्ड में देखभाल की प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से बताया। पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी के एचओडी डॉ. योगेश साठे ने उन्हें होमोग्राफ्ट बैंक और भारत में पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी के परिदृश्य के बारे में अवगत कराया। उन्होंने मरीजों से बातचीत की और उन्हें चॉकलेट भी वितरित की। नवेली के साथ उनकी मां स्वर्णलता शिंदे भी इस दौरे पर उपस्थित थीं।

देखभाल का अद्वितीय उदाहरण

मिस इंडिया यूनिवर्स ने अस्पताल को अत्यधिक प्रेरणादायक अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि यहां का दौरा उनके लिए आंखें खोलने वाला था और यह देखकर उन्हें एहसास हुआ कि हमें अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के लिए शिकायत नहीं करनी चाहिए। सुश्री नवेली ने अस्पताल में इलाज करा रहे छोटे-छोटे बहादुर दिलों को देखकर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। उनके अनुसार, श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल प्रेम और करुणापूर्ण देखभाल का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने अस्पताल के डॉक्टरों और स्टाफ सदस्यों की निस्वार्थ सेवा की सराहना की और उनके प्रयासों को मानवता के प्रति एक बेहतरीन सेवा के रूप में प्रस्तुत किया।

सिटी इवेंट

कथक नृत्य और गजलों से सजी शाम, शिव स्तुति से मोहा मन

रायपुर। रोटरी क्लब ऑफ रायपुर हैरिटेज द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 20वां हैरिटेज महोत्सव आयोजित किया गया। इस खास अवसर पर कथक नृत्य में शिव स्तुति आंगिकम भुवनमयस्य वचिकम.., ने दर्शकों का मन मोह लिया। कलाकार अंतरा भद्रा ने अपनी नृत्यकला के माध्यम से शिव स्तुति की प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से सराहा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सत्यानारायण शर्मा, राजेश सिंह, आरए शर्मा और इंदिरा मिश्रा आदि विशिष्ट अतिथि भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के डायरेक्टर पंकज शर्मा और संचालक सनत जैन ने इस महोत्सव को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मंच संचालन मोनिका शर्मा ने किया।

आज जाने की जिद ना करो...

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई और फिर कोलकाता से आईं अंतरा भद्रा ने कथक नृत्य के माध्यम से शिव स्तुति पेश की। इस दौरान कंटेम्परारी डांस और नृत्यकला ने माहौल को और भी भव्य बना दिया। कार्यक्रम के दूसरे हिस्से में जर्मनी से आईं किरण सचदेवा ने मेंहदी हसन की गजल रंजिश ही सही दिल दुखाने के लिए.., और फरीदा खानम की गजल.., आज जाने की जिद ना करो.., से समां बांध दिया। इन गजलों ने श्रोताओं को पुरानी यादों में खो जाने के लिए मजबूर कर दिया।

सुनील ग्रोवर ने 'लॉफ्टर डोज' कॉमेडी प्रोग्राम से मचाई धूम, गुत्थी और रिंकू भाभी के किरदार ने जीता दिल

रिंकू भाभी ने दर्शकों को जमकर गुदगुदाया डॉ. मशहूर गुलाटी ने किया मस्ती भरा चेकअप

टीवी शो 'कपिल शर्मा शो' में अपने चर्चित किरदार डॉ. मशहूर गुलाटी, गुत्थी और रिंकू भाभी के जरिए करोड़ों दिलों में जगह बनाने वाले मशहूर कॉमेडियन सुनील ग्रोवर शनिवार को रायपुर पहुंचे। पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में रखे गए लॉफ्टर डोज कॉमेडी प्रोग्राम में उनकी हर एक मजेदार प्रस्तुति पर दर्शक हंसी से लोटपोट हो गए। सुनील ग्रोवर ने अपनी परफॉर्मेंस में दर्शकों को खूब गुदगुदाया और अपनी कॉमिक टाइमिंग तथा जोक्स से सभी का दिल जीत लिया।

रायपुर। शो में उनके अलग-अलग पात्रों और स्टाइल की झलक देखने को मिली, जिसने हमेशा की तरह दर्शकों का दिल छू लिया। कार्यक्रम में सुनील की मजेदार पंचलाइन और शानदार टाइमिंग ने दर्शकों को पूरी तरह से बांधे रखा और हंसी का एक नया तड़का लगाया। रायपुरवासियों के लिए यह एक यादगार शाम रही। शुरुआत में गुत्थी अपने अंदाज में लोगों से बातचीत करने मंच के नीचे दर्शकों के बीच पहुंची। इस दौरान उनको अपने बीच पाकर लोग बहुत खुश हुए। इस दौरान कुछ लोगों ने उनके साथ सेल्फी भी ली।

पलक झपकते ही बदला रूप

प्रोग्राम में एक खास पल वह था, जब डॉ. मशहूर गुलाटी का रूप बदलते हुए वे पलक झपकते ही सुनील ग्रोवर में बदल गए। कार्यक्रम में दर्शक हैरान रह गए, क्योंकि सुनील ने इतनी तेजी से अपना गेटअप बदला कि किसी को भी यह समझने का समय नहीं मिला। अचानक जब वे अपने असली रूप में आए तो दर्शकों ने जोरदार तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। सुनील के इस अनोखे रूप में बदलाव ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए और दर्शकों को और भी मजेदार पल का अनुभव कराया।

जब सुनील ने कहा- मां का नाम पुरानी बस्ती होगा

कार्यक्रम में गुत्थी की एंट्री ने दर्शकों को कपिल शर्मा शो की याद दिला दी। गुत्थी के इनको आता ही नहीं है.., गाने से एंट्री करते ही हंसी का तड़का लग गया। फिर गुत्थी ने एक दर्शक को मंच पर बुलाया और उसका नाम पूछा। युवक ने कहा कि उसका नाम चंगोरभाठा है, तो गुत्थी ने मजेदार अंदाज में कहा, यह नाम है या फिर पता? इसके बाद जब युवक ने अपने पिता का नाम कटोरा तालाब बताया तो गुत्थी ने और भी मजेदार अंदाज में कहा तो मां का नाम 'पुरानी बस्ती' होगा! इस मजेदार संवाद ने सभी को हंसी से लोटपोट कर दिया और दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं।

गुत्थी के सवाल ने किया सबको लोटपोट

कार्यक्रम में दिलचस्प और हंसी से भरपूर पल देखने को मिले। सुनील ने मंच पर दर्शकों को बुलाकर उनके साथ मजेदार संवाद किए। जब कार्यक्रम में दो लड़कियां देर से पहुंचीं तो सुनील के गुत्थी वाले किरदार ने पूछा, बहन, लेट क्यों हो गई? लड़की ने जवाब दिया कि दोस्त की वजह से देरी हो गई। जब दोस्त से पूछा गया तो उसने कहा, घर से निकलने में देर हो गई। इसके बाद सुनील ने मजाक करते हुए कहा, इतना समय तो मुझे जेंडर बदलने में भी नहीं लगा! यह मजेदार बातचीत पूरी हॉल में हंसी की लहर छोड़ गई और दर्शक लोटपोट हो गए।

हर महीने 90 लाख का चॉकलेट बाजार, रिश्तों के बीच मिठास घोलने विदेश से भी मंगा रहे

रायपुर। रिश्तों के बीच आज चॉकलेट मिठास घोलेगी। शहर में दोस्तों और पार्टनर को पसंदीदा चॉकलेट गिफ्ट करने शनिवार को जमकर बिक्री हुई। 10 रुपए से लेकर 5 हजार कीमत तक की ब्रांडेड कंपनियों की चॉकलेट लोगों ने खरीदी। पांच साल पहले शहर में केवल देश में बनने वाली चॉकलेट की बिक्री होती थी, लेकिन अब महानगरों की तर्ज पर बाजार में 18 प्रकार की चॉकलेट उपलब्ध हैं। शौकीन लोगों के लिए अब विशेष ऑर्डर पर विदेश से भी इसे मंगाया जा रहा है। डायबिटीज मरीजों के लिए शुगर फ्री और इम्यूनिटी बूस्टर चॉकलेट की मांग अब बढ़ गई है।

चॉकलेट डे आज : गिफ्ट में चॉकलेट देने का ट्रेंड ज्यादा

चॉकलेट डे पर हरिभूमि ने शहर के थोक व्यापारियों से बातचीत की और लोगों की पसंद के साथ चॉकलेट की खपत जानने का प्रयास किया। थोक व्यापारी अंकुर अग्रवाल का कहना है, शहर में 20 लाख से अधिक आबादी में 70 फीसदी लोग चॉकलेट खाते हैं। हर साल यह अनुपात बढ़ता जा रहा है। हर रोज 2 लाख लोग चॉकलेट खा रहे हैं। एक महीने में करीब 90 लाख रुपए का बाजार केवल चॉकलेट का है। इसमें ब्रांडेड और नॉन ब्रांडेड चॉकलेट शामिल है। चॉकलेट व्यापारियों के अनुसार, हर साल 10 से 15 फीसदी खपत बढ़ती जा रही है। वैलेंटाइन डे के इतर दीपावली और क्रिसमस जैसे त्योहारों में लोग मिठाई गिफ्ट करने के बजाय हैंडमेड चॉकलेट गिफ्ट करने लगे हैं। इस कारण भी चॉकलेट का बाजार बढ़ा है।

तुलसी और इलायची फ्लेवर में चॉकलेट

बाजार में ब्रांडेड कंपनी भी इम्यूनिटी बूस्टर जैसी चॉकलेट तैयार कर रही है। यही वजह है कि अब लोग स्वाद और अच्छी सेहत के लिए भी चॉकलेट खरीद रहे हैं, जिसमें तुलसी और इलायची फ्लेवर की चॉकलेट पहली पसंद बनी हुई है। चॉकलेट में जड़ी बूटियों के पाउडर का इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा शहर में चॉकलेट की बढ़ती डिमांड का एक बड़ा कारण ये है कि इसमें कई फ्लेवर आने लगे हैं। अब तक चॉकलेट का मतलब सिर्फ चॉकलेट और मिल्क टेस्ट वाले फ्लेवर ही होते थे, लेकिन इनकी जगह किशमिश फ्लेवर, बटर स्कॉच, आरेंज फ्लेवर, पाइनेप्पल, मैंगो, लीची, चेरी, रम चॉकलेट, हेजलनट चॉकलेट, पीनट बटर चॉकलेट सहित कई फ्लेवर बाजार में उपलब्ध हैं।

कपल्स खरीद रहे हार्ट शेप की चॉकलेट

मालवीय रोड स्थित एवन बेकरी के उमेश पर्धानानी ने बताया कि इस साल चॉकलेट डे पर कपल्स दिल के आकार वाले हैंडमेड चॉकलेट्स की खरीदारी ज्यादा कर रहे हैं। पिछले साल की तुलना में इस बार युवाओं का उत्साह कहीं अधिक है। चॉकलेट ब्रांड्स ने भी मौके का फायदा उठाते हुए बाजार में गिफ्ट पैक्स और लिमिटेड एडिशन चॉकलेट्स पेश की हैं। इन पैक्स में चॉकलेट्स, टॉफियां, जूस, चिप्स और अन्य आइटम्स शामिल हैं, जिनकी कीमत 300 से 1200 रुपए तक है। कैडबरी, हर्षे और फेरेरो रोचेर जैसे ब्रांड्स के लिमिटेड एडिशन चॉकलेट्स सबसे ज्यादा बिक रहे हैं। इसके अलावा लोग चॉकलेट डे पर केक और मिठाई भी खरीद रहे हैं।

फेस्टिवल में चुनी गईं पांच बेस्ट मूवी पीयूष को बेस्ट डायरेक्टर का अवार्ड

- *पं.दीनदयाल ऑडिटोरियम में फेस्टिवल के तीसरे संस्करण में कला-साहित्य से जुड़े लोग हुए शामिल*

रायपुर। शार्ट फिल्मों के जरिए लोगों को सजग करना आसान नहीं होता। ऐसे लोगों का हौसला बढ़ाने के लिए रायपुर आर्ट, लिटरेचर एवं फिल्म फेस्टिवल के तीसरे संस्करण की धूम रही। पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में शनिवार को आयोजित भव्य अवॉर्ड सेरेमनी में पद्मश्री पंडीराम मंडावी मुख्य अतिथि रहे। फेस्टिवल के इस संस्करण में पांच फिल्मों को बेस्ट चुना गया। तीन फिल्मों को विशेष जूरी अवॉर्ड से नवाजा गया। वहीं पद्मश्री श्री मंडावी ने कहा कि फेस्टिवल क्यूरेटर प्रीति उपाध्याय शुक्ला और फेस्टिवल के डायरेक्टर कुणाल शुक्ला के प्रयास से युवाओं को मंच मिला है। लोककला को पहचान दिलाने के लिए ऐसे काम और आयोजन होने चाहिए। इससे न केवल कला-संस्कृति को बढ़ावा मिलता है, बल्कि नई पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने में मदद भी मिलती है।

परिचर्चा, कार्यशाला और स्क्रीनिंग

इस फेस्टिवल में परिचर्चा और कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। पहले सत्र में जिंदगी... कैसी है पहेली विषय पर मुकेश पांडेय, अजीम उद्दीन, भागवत जायसवाल और दिव्यांश ने अपनी बात रखी। वहीं दूसरे सत्र में दिस क्राइंग अर्थ, दीज वीपिंग शोर्स (ट्रांसनेशनल इंडिजिनस डायलॉग) पर मीर अली मीर, सेसिलिया डियाज, और किरण भट्ट ने अपनी राय रखी। हिंदी शॉर्ट फिल्में - कदम, बंटू'स गैंग, बोटल, द स्ट्रीट एंजल, 04, बिटवीन वल्ड्र्स तथा डॉक्यूमेंट्री -चिंताराम, जुनून और जमाना का प्रदर्शन किया गया।

अवॉर्ड सेरेमनी में फिल्में पुरस्कृत

अवॉर्ड सेरेमनी में द फर्स्ट फिल्म को बेस्ट शॉर्ट फिल्म पुरस्कार, पीयूष ठाकुर को द फर्स्ट फिल्म के लिए बेस्ट डायरेक्टर, थुनई को सर्वश्रेष्ठ सिनेमैटोग्राफी अवॉर्ड और सुमित्रा साहू को जमगहीन फिल्म के लिए बेस्ट एक्टर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। विशेष पुरस्कार की श्रेणी में मन आसाई को बेस्ट सामाजिक फिल्म अवॉर्ड मिला। विशेष जूरी प्राइज की श्रेणी में कमजखिला, ब्यांव, हेल्प योरसेल्फ को सम्मानित किया गया। मैक्सिको से आई सेसेलिया डियाज ने कहा कि फिल्म समाज का दर्पण है। समाज को सजग करने का एक सशक्त माध्यम बन गया है।

RADA AUTO expo 2025
India's Largest Automotive Show by an Auto Dealers Association

ROYAL ENFIELD
ROYALENFIELD.COM

BULLET 350

BATTALION BLACK

Go back in time with Battalion Black-the new Bullet 350 that features a vintage tail lamp, old-school license plate and the iconic rectangular bench seat.

पाईये
6,000/- से 16,000/-
तक डिस्काउंट
50% की छूट
आजीवन रोड टैक्स पर
15 जनवरी से 15 फरवरी 2025

MAHESHWARI

*Terms & Conditions Apply.

aan
In Front of Lal Ganga Business Park, Near Colors Mall, Pachpedi Naka, Raipur
Call: +91 78801 10029, 70004 58393, 98266 35600

When small details
make a strong impression.
This is Audi.
New Audi Q7
Q7
Unmatched
Exchange Benefits
Exclusive Loyalty
& Corporate Benefits
TAX
Road Tax Benefit
up to 50%^
For enquiries, call Audi Raipur: + 91 98266 35600, 82238 17777, 99375 29975
| Audi Approved :plus | myAudi Connect | Audi Club Rewards
BELT UP FOR A SAFE RIDE
Additional Scrappage
Benefits**
^The offer is applicable based on the announcement by the Government of Chhattisgarh regarding the Raipur Auto Expo 2025. As per the announcement, individuals who purchase and register their car during the event period, from 15th January to 15th February 2025, will be eligible for a 50% lifetime waiver on Road Tax. Offer valid for a limited period. *T&C Apply. EU Car Model shown for representation purpose. Features, accessories, colour, and equipment may vary depending on variant and may not be currently offered. Dark shade of the glass is due to the lighting effect. No animals were harmed during photography. **Additional scrappage benefits up to ₹50,000. All offers from dealer's side. Please contact the nearest Audi authorized dealer for further details. Always obey traffic rules.
Audi Vorsprung durch Technik
MAHESHWARI

निधन

डॉ. सैय्यद सरफराज अली नकवी

रायपुर। रविवि के पूर्व प्रोफेसर, रामकृष्ण हॉस्पिटल के पीछे वॉल्फोर्ट कॉलोनी निवासी डॉ. सैय्यद सरफराज अली नकवी का 8 फरवरी को निधन हो गया। उनका जनाजा 9 फरवरी को दोपहर 12.30 बजे उनके निवास से मौदहापारा कब्रिस्तान के लिए निकलेगा, जहां उन्हें सुपुर्दे खाक किया जाएगा। वे पूर्व आईपीएस डॉ. सज्जाद नकवी, डॉ. जव्वाद नकवी, डॉ. अब्बास नकवी के वालिद एवं जावेद आबिदी के ससुर थे।

पूनम सोनी

रायपुर। प्रियदर्शनी नगर निवासी पूनम सोनी (38) का 7 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे रामजी सोनी की पत्नी और प्रियव्रत सोनी, खुशी सोनी की माता थीं।

मोहन राधेश्याम रावत

रायपुर। ब्राह्मण पारा निवासी मोहन राधेश्याम रावत का 8 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 9 फरवरी को दोपहर 2 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी।

आलोक कुमार बैनर्जी

रायपुर। न्यू शांति नगर निवासी आलोक कुमार बैनर्जी (72) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 9 फरवरी को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी शमशान घाट के लिए निकेलगी। वे अरुणाभ, अदिति के पिता एवं अरिजीत एवं परिनीता के ससुर थे।

संगीता दुल्हानी

रायपुर। दिव्य कॉलोनी, अमलीडीह निवासी संगीता दुल्हानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 फरवरी को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे राजेश दुल्हानी की पत्नी और प्रकाश, हर्ष दुल्हानी की माता थीं।

अमेरिका का टैरिफ वॉर, गर्म हो रहा सोने का बाजार, दाम अब 87 हजार पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमेरिका के टैरिफ वॉर का बड़ा असर सोने की कीमत पर पड़ रहा है। सोने की कीमत अब लगातार आसमान छू रही है। महज सवा माह में ही 9 हजार रुपए कीमत बढ़ी है। पहले कभी ऐसी तेजी देखने को नहीं मिली। शनिवार को जब बाजार बंद हुआ तो कीमत 87500 रुपए थी। 31 दिसंबर को कीमत 78400 रुपए थी। आने वाले समय में सोना कभी भी 90 हजार तक पहुंच जाएगा। इस साल कीमत के एक लाख तक जाने की संभावना है। बीते वर्ष सालभर में कीमत 19 हजार बढ़ी थी, लेकिन इस समय कीमत बढ़ने की रफ्तार बहुत तेज है।

मात्र सवा महीने में ही 9 हजार रुपए कीमत बढ़ी, अब दाम 88 हजार की राह पर

नए साल में कीमत बढ़ने की रफ्तार तेज

नए साल के पहले बीते 31 दिसंबर को सोने की कीमत 78600 रुपए थी। नए साल में पहले ही दिन से सोने की कीमत में इजाफा होना प्रारंभ हुआ। 1 जनवरी को कीमत 79 हजार रही। 7 जनवरी को कीमत 80 हजार पहुंची। इसके बाद एक सप्ताह में कीमत 81 हजार के पार हो गई। फिर एक सप्ताह के बाद कीमत 82 हजारी हुई और अंतिम सप्ताह में पहले कीमत 83 हजारी हुई और फिर माह के अंतिम दिन 31 जनवरी को कीमत 84150 रही। एक फरवरी को केंद्रीय बजट वाले दिन सुबह को सोने की कीमत 84800 थी, जो शाम को बजट के बाद 85050 रुपए हो गई। रविवार को बाजार बंद रहने के बाद नए सप्ताह में सोमवार को बाजार खुला तो शाम को कीमत 86 हजार पहुंच गई। इस सप्ताह कीमत में 2450 रुपए का इजाफा हुआ है। बीते शनिवार को कीमत 85050 रुपए थी जो इस शनिवार को कीमत 87500 रुपए हो गई है।

अमेरिका के टैरिफ वॉर का असर

रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने कहा, सोने की कीमत लगातार बढ़ रही है। इस तेजी का कारण टैरिफ वॉर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका में दूसरे देशों से आयात होने वाले सामानों पर आयात शुल्क में वृद्धि की है, इससे विश्व बाजार में अनिश्चित एवं भय का वातावरण बना है। आयात शुल्क बढ़ाने से अन्य देशों की निर्यात पर इसका असर पड़ा है। इसकी वजह से डॉलर मजबूत हुआ और शेयर बाजार नीचे आया। इन अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण सुरक्षित निवेश के रूप में सोने में अब ज्यादा निवेश हो रहा है, इसलिए सोने का भाव लगातार बढ़ रहा है।

सोने और चांदी को हमेशा से ही निवेश के लिए खरा माना जाता है। बीते साल तो निवेश के मामले में इसने रिकॉर्ड भी बना दिया। पहली बार सोने में जहां 20 फीसदी का रिटर्न मिला है, वहीं चांदी में 17 फीसदी रिटर्न मिला है। यही वजह है कि बीते साल छत्तीसगढ़ में आठ हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश हुआ है। प्रदेश में सोने-चांदी का रोज का करीब 50 करोड़ का कारोबार होता है, इसमें 50 फीसदी निवेशकों का रहता है। सोने की कीमत इस बीते साल रिकॉर्ड 82 हजार के पार भी गई और चांदी के दाम भी एक लाख के पार गए।

पिछली बार गर्मी में 1 करोड़ 58 लाख टैंकर पर हुए खर्च

टैंकर मुक्त शहर की योजना टांय-टांय फिस्स करोड़ों खर्च के बाद भी किराये के टैंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राज्य गठन के ढाई दशक में भी रायपुर शहर टैंकर मुक्त नहीं हो पाया है। नगर निगम के जल विभाग ने गर्मी में किराये के टैंकर से पानी सप्लाई करवाने 50 लाख रुपये का टेंडर कर दिया है, जबकि गत वर्ष 1 करोड़ 58 लाख रुपये इस कार्य में खर्च किये गये। करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी शहर के 70 वार्डो में आम जनता की प्यास बुझाने 12 महीने पीने का साफ पानी पहुंचाने निगम प्रशासन फेलवर साबित हुआ है।

दरअसल, हर साल की तरह इस बार भी गर्मी के सीजन में शहर के 70 वार्डो में रहने वाले 14 लाख लोगों तक पीने का साफ पानी पर्याप्त मात्रा में मिल जाये इसमें संशय बना हुआ है। नगर निगम के अधिकारियों ने इसी उहापोह के चलते एक बार फिर किराये के टैंकर से गर्मी के दिनों में पानी पहुंचाने अभी से टेंडर कर दिया है, जबकि जल विभाग के अफसरों और निवृत्तमान विभाग अध्यक्ष ने दावा किया था कि अबकि बार शहर में किराये के टैंकर की जरूरत नहीं पड़ेगी, पर इसकी स्थिति इसके उलट है।

पिछले साल गर्मी में 1 करोड़ 58 लाख टैंकर पर खर्च

गत वर्ष नगर निगम के जल विभाग ने गर्मी के सीजन में जल संकट प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की प्यास बुझाने 75 लाख रुपये का टेंडर ट्रिप के आधार किया था, लेकिन इस पर 1 करोड़ 58 लाख रुपये की बिलिंग हो गई। विडंबना ये है कि अमृत मिशन योजना के तहत करीब 1 लाख 75 हजार घरों में नई पाइप लाइन बिछाकर कनेक्शन देने और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 130 करोड़ शहर के 15 चयनित वार्डों के 20 हजार घरों में 24 घंटे जल आपूर्ति की योजना का लाभ इस बार गर्मी के समय लोगों को मिल पाएगा या नहीं, यह स्थिति अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है, जबकि मोतीबाग और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया बनाकर 176 किलोमीटर के दायरे में नई पाइप लाइन बिछाकर इंटर कनेक्शन देने के काम पूरा हो गया है।

2 साल से शोपीस बनकर रह गई लभांडी और फुंडहर की नई पानी टंकी

विद्याचरण शुक्ल वार्ड के लभांडी और फुंडहर गांव में रहवासियों की पेयजल समस्या का निराकरण करने नगर निगम ने अमृत मिशन के तहत दो नई पानी टंकी का निर्माण 2 साल पूर्व करवाया। पर फंड खत्म होने से टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने का काम अब तक पूरा नहीं हो पाया है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के

मुताबिक पंद्रहवें वित्त आयोग मद में 48 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा गया पर इसकी मंजूरी नहीं मिली। इसके चलते फुंडहर और लभांडी की नई पानी टंकी महज शो पीस बनकर रह गई है। दोनों गांव में नई पाइप लाइन बिछाने सहित लोगों के घरों में वाटर मीटर लगाने का काम लंबित है।

दिल्ली से होती थी...

लिया है। वहीं, घटना में घायल तीन युवकों में से एक की मौत हो गई। एक की हालत अभी भी गंभीर है। पुलिस सूत्रों के अनुसार विदेशी युवतियों की देह व्यापार के लिए बुकिंग दिल्ली से होती थी। दिल्ली में बैठा देह व्यापार से जुड़ा कोई गिरोह सक्रिय है, जो विदेश युवतियों को टूरिस्ट वीजा पर भारत बुलाकर उन्हें देह व्यापार के लिए बुकिंग पर दूसरे राज्यों में भेजा करता है। पुलिस ने विदेशी युवतियों के देह व्यापार में संलिप्त होने तथा उनके तार दिल्ली में किसी गिरोह से जुड़े होने की पुष्टि की है, लेकिन जांच जारी होने के कारण मामले का खुलासा अभी नहीं किया है। **टूरिस्ट वीजा पर भारत आई है विदेशी युवतियां** : तेलीबांधा थाना प्रभारी नरेंद्र मिश्रा ने बताया कि दोनों विदेशी युवतियां सालभर के टूरिस्ट वीजा पर भारत आई हुई हैं। इनमें नोदिया 30 जनवरी को यहां पहुंची है। उसके पास से एयर फ्लाइट का टिकट भी बरामद किया गया है, जबकि उसमान के पास फ्लाइट का टिकट नहीं मिला है। उसका कहना है कि टिकट उससे गुम हो गया है। पुलिस दोनों विदेशी युवतियों के पासपोर्ट जब्त कर उनसे पूछताछ कर रही है। **दिल्ली से होती है बुकिंग** : सूत्रों के अनुसार विदेशी युवतियों से पूछताछ में पुलिस को यह भी सुराग मिले हैं कि देह व्यापार के लिए उनकी दिल्ली से बुकिंग होती है। बुकिंग पर ही वे दूसरे राज्यों में जाकर कस्टमर से मिलती थीं। रायपुर में भी दोनों युवतियां बुकिंग पर आई हैं और अलग-अलग होटलों में ठहरी हुई थीं। **ललित की स्थिति भी गंभीर** : जानकारी के अनुसार इस घटना में ललित और नीलकमल भी घायल हुए हैं। इनमें भी ललित की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है, जबकि नीलकमल की हालत स्थिर है। घटना के बाद जिस तरह से स्कूटी क्षतिग्रस्त हुई है, उससे अंदाजा लगाया जा रहा था कि घायलों को गंभीर चोटें आई हैं, लेकिन घायलों में एक की मौत होने के बाद अब मामला और ज्यादा गंभीर हो गया है। इस मामले में अब विदेशी युवती के साथ वकील की मुश्किलें और बढ़ेंगी।

घायलों में एक की...

गया था। इस घटना के बाद ही देह व्यापार

पेज 11 के शेष ...

का मामला उजागर हुआ है। इधर घायलों में अरुण की शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई, जिसके बाद अब इस मामले में कार चालक के विरुद्ध अब गैर इरादन हत्या का अपराध दर्ज किया जाएगा। थाना प्रभारी ने बताया कि अस्पताल से अरुण की मौत की सूचना मिली है, जिसकी तफ्दीश कर मामले में दर्ज धाराएं बदलकर लगाई जाएंगी।

सराफा शोरूम में ...

जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात यह घटना हुई। रात्रि करीब नौ बजे शो रूम में बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए परिवार सहित पहुंचे थे, जिसमें बच्चे भी शामिल थे। भीतर बड़ी संख्या में मौजूद कर्मचारी ग्राहकी में व्यस्त थे। इसी दौरान मुख्य द्वार का शटर गिरकर लॉक हो गया और लोग भीतर फंस गए। इस दौरान काफी आपाधापी मच गई थी और भीतर मौजूद लोगों की चीख-पुकार मच गई थी। इसी बीच सूचना पर वहां कुछ मीडिया कर्मी कव्हरेज के लिए पहुंचे, तो वहां मौजूद सराफा दुकान के दो कर्मचारी अखिल ए. एवं पवन कुमार तिवारी ने गाली-गलौज करने के साथ झूमा-झटकी करते हुए जान से मारने की धमकी देकर जबरिया कव्हरेज से रोका। इस मामले में सीनियर पत्रकार संदीप शुक्ला की शिकायत पर सिविल लाइन थाने की पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

घर में आग लगने के...

टीम ने पेड़ में लगी आग को भी तत्काल बुझा दिया। बुढ़ेश्वर मंदिर के पास बशीर खान नामक व्यक्ति का दो मंजिला मकान है। नीचे पान की दुकान है तथा ऊपर दो कमरे का मकान है। शाम करीब 6.40 बजे वह अपने दुकान में बैठा हुआ था, तभी एक कमरे में आग लग, जिसमें दो सिलेंडर रखे हुए थे। जिस समय आग लगी उस समय घर में कोई नहीं था। आग लगने के बाद बशीर ने पहले अपने स्तर पर आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन जब आग भीषण रूप ले ली तो वह घबरा कर नीचे उतर आया और इसकी जानकारी तत्काल मोबाइल से दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की एक गाड़ी तत्काल मौके पर पहुंची और कर्मचारी आग को बुझाने का काम शुरू किया। करीब घंटे भर में दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया।

सिलेंडरों के धमाके की...

सिलेंडरों के विस्फोट का धमाका इतना तेज था कि उसकी आवाज काफी दूर तक सुनाई दी। सिलेंडरों के फटने से मकान की एक हिस्से की दीवार पर दरारे भी आ गई है। इधर सिलेंडर के फटने के कारण ही बाहर उठी आग की लपटों में एक पेड़ भी आ गया। इस आगजनी में मकान मालिक को कितने की क्षति पहुंची है। इसका आंकलन किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ से लखन, अनीस, अमन दिल्ली रवाना

रायपुर। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी (आईओसी) से मान्यता प्राप्त संस्था इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ म्यू थाई एसोसिएशन (आईएफएमए) की भारत में मान्यता प्राप्त संस्था यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इंडिया (यूएमएआई) की आमसभा और 2025 से 2029 तक के लिए नई कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव 9 फरवरी को सुबह 10 बजे कॉन्स्टिट्यूशन क्लब नई दिल्ली में आयोजित है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय संस्था आईएफएमए के निर्देश पर और एशियाई संस्था एफएएमए के महासचिव एवं लीगल कमीशन के चेयरमैन मारवयन तान पर्यवेक्षक के रूप में दिल्ली पहुंच गए हैं। यह जानकारी देते हुए राज्य म्यू थाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने आगे बताया कि इस चुनाव में छत्तीसगढ़ को भी प्रतिनिधित्व मिलने की आशा है, जिसके लिए अध्यक्ष लखन कुमार साहू, महासचिव अनीस मेमन और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अमन यादव (छग भाजपा खेल एवं कला सह प्रमुख) नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं।

विद्यानगर में 26 को निकलेगी भोले बाबा की बारात

रायपुर। महाशिवरात्रि पर्व पर विद्यानगर नवयुवक गणेशोत्सव समिति द्वारा 26 फरवरी को धूमधाम से

भगवान शिव की बारात निकाली जाएगी। इस बारात में पूरे रायपुर जिले के शिवभक्त बड़ी संख्या में शामिल होंगे। समिति के अध्यक्ष हानेश्वर दीवान ने बताया कि यह कार्यक्रम विद्यानगर समिति द्वारा विगत 8 वर्षों से बड़े धूमधाम से मनाया जाता है, इसकी तैयारी महीनेभर से की जा रही है। महाशिवरात्रि का पर्व विद्यानगर के समस्त परिवार, उत्कल समाज की रीति-नीति, परंपरा से करते हैं। यह इसकी अलग पहचान है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम 24 फरवरी से शुरू हो जाएगा।

न्यायालय तहसीलदार अभनपुर जिला रायपुर छ.ग.
- ईश्तहार :-
रा.प्र.क्र. 202501110500048 अ/5
वर्ष 2024-25

ग्राम नाहनाचण्डी प.ह.नं. 23 तहसील अभनपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार साहू पित्ता श्री हीरूराम साहू निवासी ग्राम नाहनाचण्डी तहसील अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि अनावेदक गोपीलाल पिता हीराराम निवासी ग्राम नाहनाचण्डी आवेदक के बड़े पिता हीराराम के पुत्र है तथा पूर्व में आवेदक व अनावेदक के पिता के मध्य खाता विभाजन किया गया था जिसमें ग्राम नाहनाचण्डी प.ह.नं. 23 रा.नि.म. व तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 205/13 रकबा 0.15 हे. नया नंबर 315 रकबा 0.07 हे. आवेदक को प्राप्त हुआ था। तत्पश्चात आवेदक उक्त भूमि में काबिज होकर आज दिनांक तक लगातार कास्तकारी कर रहे है। आवेदक द्वारा ख.नं. 315 रकबा 0.07 हे. का बंदोबस्त त्रुटि पश्चात भू-राजस्व अभिलेख में अनावेदक के नाम पर दर्ज हो गया है। जबकि आवेदक ने अपने स्वामित्व की उक्त आवेदित भूमि को विक्रय नहीं किया गया है और न ही किसी प्रकार का कोई प्रकरण न्यायालय में लंबित है। अतएव आवेदक द्वारा उक्त भूमि का बंदोबस्त त्रुटि सुधार कर राजस्व अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी दिनाँक 06/03/2025 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित में पेश कर सकते है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति या दावा पर विचार नही किया जायेगा।

आज दिनाँक 07/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
अभनपुर, जिला रायपुर

GK Electric

RIDE ALONG WITH GK ELECTRIC TOWARDS A GREENER & CLEANER FUTURE.

Visit our Stall at

RADA AUTO expo 2025
India's Largest Automotive Show by an Auto Dealers Association

15 Jan. - 15 Feb.

Science College Ground, Raipur

G.K. ELECTRIC
Email: dd@gkelectric.in
For Enquiry: +91 9205323757

We help you keep moving in life..

Over 62 years in automobile industry partnering with the most reputed brands in the country

G.K. Honda	TATA MOTORS OM AUTOWHEELS	JCB GK JCB	GK Electric
80582 54444	93110 60060	Raipur - 73036 25888 Nagpur - 70655 50066	92053 23757
GK CARS & BIKES	Ford Go Further G.K. Ford	COZY CRIBS GK COZY CRIBS	GK INSURANCE BROKERS PVT LTD
97534 89090	96171 05000	62629 88899	98998 22799

MAHESHWARI

Corporate Office | Geekay House, G.E. Road, Telibandha, Raipur
GKGroupRaipur gkgroupraipur GKGroupRaipur

खबर संक्षेप

सेल्समैन अपना क्यूआर कोड लगा ग्राहकों से लेता रहा पेमेंट, गिरफ्तार

रायपुर। दुकान में काम करने वाला एक सेल्समैन अपने मालिक से धोखाधड़ी कर ग्राहकों से अपने बैंक खाते के क्यूआर कोड में राशि ट्रांसफर करता रहा। दुकान मालिक को जब हिसाब-किताब में गड़बड़ी लगी तब उसने जांच की तो पता चला कि उसकी दुकान के सेल्समैन दीपक यादव ने अपने बैंक खाते का क्यूआर कोड भी लगा रखा था। इस क्यूआर कोड में वह दुकान में खरीदारी करने आने वाले ग्राहकों से पेमेंट का भुगतान भी कराता था। दुकान के मालिक जितेश पटेल को जब इसकी जानकारी लगी तो उसने उसके विरुद्ध देवेंद्र नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

जिलाबदर आदेश का उल्लंघन, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। जिलाबदर के आदेश की अवहेलना कर शहर में घूमने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिला दंडाधिकारी ने आशु क्षत्री निवासी वाल्मीकि नगर को 20 नवंबर 2024 को जिलाबदर करने का आदेश जारी किया था। इस आदेश के तहत आशु को रायपुर जिले एवं इससे लगे दुर्ग, धमतरी, महासमुंद व बलौदाबाजार जिले की राजस्व सीमाओं से निष्कासित किया गया था, लेकिन आरोपी इस आदेश का उल्लंघन कर 8 फरवरी को वाल्मीकि नगर में घूमते पाया गया, जिसे गिरफ्तार किया गया है। उसके विरुद्ध धारा- 223 बीएनएस, 15 छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

चाकू लेकर घूमते धरा गया बदमाश

रायपुर। गुढ़ियारी पुलिस ने आर्म्स एक्ट के मामले में एक युवक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। आरोपी सुधांशु दीप उर्फ अभी दीप संजय गांधी नगर गुढ़ियारी का निवासी है। 8 फरवरी को वह मुर्रा भट्ठी मेनरोड पर सुलभ शौचालय के सामने बटन चाकू लेकर घूम रहा था। पुलिस ने सूचना पर आरोपी को मौके पर जाकर गिरफ्तार किया।

जवानों का मार्च पास्ट और दी सलामी

रायपुर। छत्तीसगढ़ रायपुर संभाग के संभागीय सेनानी, नगर सेना अनिमा एस. कुजूर द्वारा वार्षिक कार्यालय का निरीक्षण और किट-नेट निरीक्षण के दौरान जवानों द्वारा मार्च पास्ट और सलामी दी गई। साथ ही जवानों का सैनिक सम्मेलन किया गया, जिसमें जवानों ने अपनी समस्याओं के बारे में रूबरू कराया, जिसके निरकरण के लिए जवानों को आश्वासन भी दिया गया। जवानों को उच्चकोटि के अनुशासन में रहने तथा सजगता के साथ ड्यूटी करने की अपील की गई। इस निरीक्षण के दौरान नगर सेना, अग्निशमन एवं एसडीआरएफ के 191 जवान शामिल रहे। जिले के निरीक्षण के दौरान जिला सेनानी, नगर सेना एवं जिला अग्निशमन अधिकारी पुष्पराज सिंह उपस्थित रहे।

वारंटी गिरफ्तार, दो किलो गांजा जब्त

रायपुर। खमतराई पुलिस ने एक वारंटी को गांजा के साथ पकड़ा है। आरोपी जोगी देवार निवासी डेरापारा रावांभाठा के विरुद्ध कोर्ट ने एक प्रकरण में गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। पुलिस ने उसकी तलाश करते हुए शनिवार को गिरफ्तार किया। इस दौरान उसके कब्जे से 2.162 किलोग्राम गांजा जब्त किया, जिसकी कीमत लगभग 21 हजार रुपए है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 20 (बी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत भी अपराध पंजीबद्ध किया है।

आ रही गर्मी मगर नहीं बदल पाया आंबेडकर अस्पताल का एसी, सप्लायर एजेंसी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ठंड के मौसम में आंबेडकर अस्पताल के मरीजों सहित अन्य लोगों को सुविधा देने चालीस एसी खरीदारी अब तक पूरी नहीं हो पाई है और गर्मी आ रही है। खरीदी की प्रक्रिया जेम पोर्टल के माध्यम से पूरी की जानी है और इसके लिए सप्लायर एजेंसी मिलने का इंतजार किया जा रहा है। नए एसी पेइंग वार्ड, ट्रामा सहित अन्य स्थानों पर लगाने की योजना थी।

करीब तीन माह पहले आंबेडकर अस्पताल की स्वशासी समिति द्वारा केजुअल्टी, सीटीवीएस विभाग और पेइंग वार्ड में नया एसी लगाने की सहमति दी थी। इसमें बीमारी के इलाज के दौरान शुल्क देकर रहने वाले मरीजों की सुविधा के लिए 26 एसी लगाने स्वीकृति मिली थी। इसके साथ इमरजेंसी एंड ट्रामा में आपात स्थिति में आने वाले मरीजों और चिकित्सकों की सुविधा के लिए पुराने एसी को बदलने 9, कार्डियक सर्जरी विभाग की ओपीडी, वार्ड सहित अन्य स्थानों के लिए पांच एसी खरीदी करने के लिए सहमति दी गई थी। जानकारी के अनुसार विवादों से दूर रहने अस्पताल प्रबंधन द्वारा खरीदी की प्रक्रिया जेम पोर्टल के माध्यम से करना चाह रही है, मगर इसके लिए अब तक सप्लायर एजेंसी तय नहीं हो पाई है। सूत्रों के अनुसार पेइंग वार्ड सहित केजुअल्टी में लगे एसी काफी पुराने हो चुके हैं जो आए दिन खराब हो जाते हैं। ठंड के मौसम में बिना एसी के इलाज चल जाता है, मगर गर्मी के दिनों में केवल पंखे अथवा कूलर के भरोसे यहां इलाज कराना काफी मुश्किल हो जाता है।

करीब तीन माह पहले चालीस नए एसी खरीदी को दी गई थी सहमति

सेंट्रलाइज कूलिंग सिस्टम नहीं

आंबेडकर अस्पताल का भवन काफी पुराना है, इसलिए यहां सेंट्रलाइज कूलिंग सिस्टम की व्यवस्था नहीं की गई थी। उस दौरान अस्पताल का कामकाज पंखे और कूलर की मदद से पूरा हो जाता था। अब गर्मी लगातार बढ़ रही, जिसकी वजह से एसी की आवश्यकता बढ़ गई है। भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मेडिकल कालेज कैंपस में बनने वाले 700 बिस्तर के एकीकृत भवन को सेंट्रलाइज कूलिंग सिस्टम की सुविधा वाला बनाया जाएगा।

साइन बोर्ड की योजना भी लंबित

अस्पताल में दूर-दराज से आने वाले मरीजों को भवन के भीतर विभिन्न विभागों की अलग-अलग जानकारी देने के लिए अस्पताल में विभागों का साइन बोर्ड लगाने की योजना भी अब तक अधूरी है। इसकी वजह से की बार जरूरत होने पर मरीजों को इलाज के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। विभागों के बाहर ड्यूटी डाक्टर की जानकारी भी अब तक प्रदर्शित नहीं की जा सकी है।

छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में बरामद हुए मोबाइल

पुलिस ने ढूंढ निकाले गुम हुए 100 मोबाइल, जिनके थे उन्हें लौटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुम हुए 100 मोबाइल पुलिस ने ढूंढ निकाले। इन मोबाइलों को रायपुर के साथ प्रदेश के दूसरे जिलों से लेकर कई दूसरे राज्यों में जाकर ढूंढ कर निकाला गया है। पुलिस ने बरामद सभी मोबाइल के मालिकों का पता लगाकर उन्हें इसकी सूचना देकर शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम बुलाया था, जहां सभी को उनके मोबाइल लौटाए गए। बरामद किए गए सभी मोबाइल की कुल कीमत 20 लाख रुपए आंकी गई है। इस तरह पुलिस की सक्रियता से लोगों को गुम हुए वे मोबाइल मिल गए, जिसके मिलने की उम्मीद ही छोड़ चुके थे।

अब तक 2 करोड़ 85 लाख के गुम हुए मोबाइल ढूंढकर 1351 लोगों को सौंपे गए : एसएसपी ने बताया कि वर्ष 2024 से लेकर अब तक कुल 1351 गुम हुए मोबाइलों को ढूंढ कर उनके मालिकों को लौटाया गया है। इस तरह कुल 2 करोड़ 85 लाख रुपए के मोबाइल लोगों को लौटाए जा चुके हैं।

गुम हुए मोबाइल को जमा कराने पर पुलिस करेगी सम्मान

एसएसपी ने जिले की जनता से अपील की है कि मोबाइल गुम होने की स्थिति में तत्काल **www.ceir.gov.in** पोर्टल में मोबाइल गुम होने के संबंध में जानकारी भेजें एवं अपने नजदीकी थाना या सायबर सेल से संपर्क करें, जिससे मोबाइल का किसी भी अपराध में उपयोग ना हो। अपने मोबाइल को हमेशा पासवर्ड प्रोटेक्टेड रखे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति किसी का गुम हुआ मोबाइल साइबर सेल या सिविल लाइन पुलिस थाने में लाकर जमा कराता है, तो उसे पुलिस द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ सहित 6 राज्यों से बरामद किए गए मोबाइल

एसएसपी लाल उम्मेद सिंह ने बरामद किए गए मोबाइल को उनके मालिकों को वितरण के दौरान बताया कि पुलिस ने गुम हुए मोबाइल के ऑन होते ही उसका लोकेशन मिल जाता है। इस लोकेशन के आधार पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, झारखंड तथा बिहार राज्य में गुम हुए मोबाइल मिले हैं। मोबाइल के लोकेशन के आधार पर संबंधित राज्य और शहरों की पुलिस के माध्यम से जिनके पास मोबाइल थे, उनका पता लगाकर या मोबाइल पर सूचना देकर थाने बुलाकर मोबाइल जमा कराने कहा गया। जो लोग थाने नहीं पहुंचे, उनके ठिकाने का पता लगाकर उनसे मोबाइल बरामद किए गए। इसके बाद थानों में जमा मोबाइल कोरियर से रायपुर मंगाए गए, जिसके बाद उनके मालिकों का पता लगाकर उन्हें मोबाइल सौंपे गए।

स्पेशल ट्रेनों में जोड़े अतिरिक्त कोच

महाकुंभ : भीड़ कम करने सारनाथ एक्सप्रेस के मार्ग में किया परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रयागराज महाकुंभ में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं की संख्या अब भी हजारों में बनी हुई है। इसके परिणामस्वरूप ट्रेनों में भीड़ कम नहीं हो रही है। इस भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनों के परिचालन को बढ़ा दिया है। इन स्पेशल ट्रेनों का लाभ रायपुर समेत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न स्टेशनों के यात्रियों को मिल रहा है। इन अतिरिक्त ट्रेनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को कुंभ मेला जाने और वहां से लौटने में सहूलियत हो रही है। अभी तक दर्जन से अधिक कुंभ स्पेशल ट्रेनों की घोषणा जोन के यात्रियों के लिए रेलवे कर चुका है। अब उत्तरप्रदेश जाने वाली सारनाथ एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन करने के साथ अतिरिक्त कोच भी लगाया है।

सारनाथ एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तित: कुंभ मेले के कारण गाड़ी संख्या 15160/15159 दुर्ग-छपरा दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन का मार्ग बदल दिया गया है। 11 फरवरी 2025 को दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 15160 और 12 फरवरी 2025 को छपरा से चलने वाली गाड़ी संख्या 15159, अब प्रयागराज स्टेशन के बजाय प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर जाएगी। यह ट्रेन अब अपने निर्धारित मार्ग मानिकपुर-प्रयागराज जंघई-वाराणसी-ओडीहार के स्थान पर नया परिवर्तित मार्ग माणिकपुर-प्रयागराज छिवकी-ज्योनाथपुर-वाराणसी-जौनपुर औड़िहार होकर अपने गंतव्य तक जाएगी।

विशाखापट्टनम और गोरखपुर के बीच अतिरिक्त फेरों की सुविधा

रेलवे प्रशासन ने प्रयागराज महाकुंभ मेला में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशाखापट्टनम-गोरखपुर-विशाखापट्टनम कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन के परिचालन को विस्तार देने का निर्णय लिया है। अब यह ट्रेन दो अतिरिक्त फेरों के साथ चलेगी। 08588 विशाखापट्टनम-गोरखपुर कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन 10 और 22 फरवरी को विशाखापट्टनम से रवाना होगी, जबकि 08587 गोरखपुर-विशाखापट्टनम कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन 13 और 25 फरवरी को गोरखपुर से चलेगी। इस ट्रेन में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायगढ़, चांपा, बिलासपुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल और उमरिया स्टेशनों से भी कुम्भ स्नान के लिए यात्रा की सुविधा उपलब्ध होगी।

रायपुर-टूंडला एक्सप्रेस में अतिरिक्त एसी-3 कोच

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा रायपुर-टूंडला-रायपुर कुंभ स्पेशल एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 08753/08754) में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच अस्थायी रूप से जोड़ा जा रहा है। यह सुविधा 09 फरवरी 2025 को गाड़ी संख्या 08753 रायपुर-टूंडला स्पेशल एक्सप्रेस में और 10 फरवरी 2025 को गाड़ी संख्या 08754 टूंडला-रायपुर स्पेशल एक्सप्रेस में उपलब्ध रहेगी।

झुग्गीवासियों को मालिकाना हक देने की सरकार से मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर पूर्व मंत्री व सांसद रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने झुग्गी वासियों को जो जिस स्थान में निवासरत है उसी स्थान का पट्टा देने और मकान बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास के तहत राशि देने की घोषणा की है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता, झुग्गी नेता अधिवक्ता भगवानू नायक ने इस पर प्रतिक्रिया दी है कि हर चुनाव में झुग्गी वासियों का वोट हासिल करने के लिए पट्टा देने की घोषणा की जाती है, लेकिन चुनाव जीतने के बाद सत्ता दल अपना वादा भूल जाती है।

- बृजमोहन के बयान पर झुग्गी नेता भगवानू नायक ने दी प्रतिक्रिया

वर्ष 1984 में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की सरकार के द्वारा झुग्गी वासियों को 30 साल के लिए पट्टा वितरण किया गया था, जिसका समयावधि वर्ष 2014 में पूरा हो गया। उक्त अवधि के पश्चात शासन के द्वारा उक्त पट्टों का ना ही नवीनीकरण किया जा रहा है और ना नामांतरण। अनेक गरीब झुग्गी वासी हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा है और ना ही किसी प्रकार का लोन मिलने के कारण झुग्गी वासी परेशान है।

उन्होंने कहा वही तत्कालीन भूपेश सरकार द्वारा नजूल भूमि में रहने वाले पट्टाधारियों को 2 प्रतिशत राशि जमा करने पर फ्री होल्ड योजना के माध्यम निजी स्वामित्व प्रदान करने योजना लाई थी, जिसमें भी 50-60 वर्षों से शासकीय भूमि में काबिज पट्टाधारी गरीब झुग्गीवासियों को मालिकाना हक का लाभ नहीं मिल सका। उन्होंने कहा, राजधानी रायपुर में विगत लगभग 60-70 वर्षों से शासकीय भूमि में एक ही स्थान में काबिज अनेक गरीब झुग्गी वासियों को आज भी पट्टा नहीं मिला है और जिन्हें पट्टा मिला उनको आज तक मालिकाना हक नहीं मिला है। उन्होंने शासकीय भूमि में काबिज सभी गरीब झुग्गी वासियों को मालिकाना हक देने की मांग सरकार से की है।

भूपेश ने कहा- पिछले एक साल में भाजपा की सरकार ने हर वर्ग को दिया धोखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा अवसर आ गया कि वादाखिलाफ़ी वाली भाजपा सरकार से हिसाब लेने का। पिछले एक साल में भाजपा की सरकार ने हर वर्ग को धोखा दिया। किसान, युवा, आदिवासियों, अनुसूचित जाति, ओबीसी, सामान्य हर वर्ग के कल्याण के लिये कांग्रेस सरकार जो योजना चलाती थी भाजपा ने सब बंद कर दिया। चुनाव देख कर फिर से महतारी वंदन का फार्म भरवा रहे हैं, एक साल में एक भी आवास नहीं बनाया। अब लोगो को धोखा देने प्रधानमंत्री आवास का फार्म भरवा रहे है। एक साल में न महतारी की याद आई और न आवासहीनों की याद आई। भाजपा के अहंकार को तोड़ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान करे।

राजेंद्र नगर में रायपुर के महापौर प्रत्याशी दीप्ति दुबे और वार्डो के कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताने की अपील करते हुए उन्होंने कहा, नगर निगम चुनाव महत्वपूर्ण है। आप लोग विधायक, सांसद चुनते हैं, लेकिन आपके रोजमर्रा के काम पार्षद और मेयर करते हैं। पांच साल में जब हमारी सरकार थी और अब भाजपा की सरकार है दोनों की तुलना करो। हमने गरीबों का राशन कार्ड बनाया, मुफ्त इलाज की सुविधा शुरू किया, बिजली बिल सस्ता किया, 12 महीने से राशन कार्ड नहीं बना रहा। छत्तीसगढ़ के लोगो के लिए जो भी योजनाएं हमने शुरू की थी, इन्होने सब बंद कर दिया। बेरोजगारी भत्ता बंद कर दिया, बिजली बिल हाफ बंद कर दिया, महतारी वंदन में महिलाओं को ठग रहे 1000 दे रहे बाकी मंहगाई बढ़ा दिया। जीएसटी लगाकर गरीब को लूट रहे, स्मार्ट कार्ड से इलाज बंद कर दिया। छत्तीसगढ़ के तीज त्योहारों का हमने जो सम्मान दिया उसको भी बंद किया।

देश के नागरिकों की नहीं कर पा रहे रक्षा

केंद्र की मोदी सरकार देश के नागरिकों के मान-सम्मान की रक्षा नहीं कर पा रही। हमारे लोग अमेरिका गये थे कोई अपराधी नहीं थे। अमेरिकी सरकार ने उनको बेड़ी, हथकड़ी लगा कर वापस भेजा, विश्वगुरू मौन रहे। हमारे प्रवासी भारतीय ऐसा कौन सा गुनाह किये थे उनको हथकड़ियों और बेड़ियों में जकड़कर अमेरिकी सेना अमेरिका के सेना के विमान से यहां लाया जाता है, आखिर सेना के विमान को यहां उतरने की अनुमति सरकार ने क्यों दी, मैं सरकार से पूछना चाहता हूं? हमारे देश के विमान से यहां ला लेते, सम्मान से ला लेते। कोलंबिया का एक उदाहरण है वहां के राष्ट्रपति ने अमेरिकी सेना के जहाज को अपने देश में उतरने नहीं दिया वापस भेजा और सह सम्मान खुद के विमान अपने नागरिकों को लाये और एयरपोर्ट में उन्होंने बकायदा स्वागत भी किया।

प्रयागराज की फ्लाइट का फेयर अभी आसमान पर

अंतिम सप्ताह में होगा सामान्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महाकुंभ की वजह से आसमान पर पहुंच चुके रायपुर-प्रयागराज के एयर फेयर में अभी राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। सीधी फ्लाइट फुल होने की वजह से टिकट नहीं मिल रहा है तो व्हाया दिल्ली अथवा दूसरे शहर का किराया 25 हजार तक पहुंच गया है। सीधी फ्लाइट में पांच से छह हजार के खर्च में यात्रा माह के अंतिम दिनों में ही संभव है।

रायपुर से प्रयागराज के लिए नियमित रूप से इंडिगो की एकमात्र फ्लाइट संचालित होती है। सामान्य दिनों में पांच से छह हजार के किराए में भी इस फ्लाइट को 50 से 70 फीसदी यात्री मिलते है मगर कुंभ की शुरुआत होने के बाद इस विमान का किराया आसमान में पहुंच चुका है। अपनी यात्रा पूरी करने के लिए लोग 20 हजार तक खर्च करने को तैयार है मगर नियमित और सीधी फ्लाइट में टिकट नहीं मिल रहा है। गंगा में पुण्य स्नान के लिए लोग दिल्ली सहित अन्य शहरों की फ्लाइट में सफर कर रहे हैं जिसके लिए उन्हें और ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। अजय ट्रैवहल्स के संचालक एवं ट्रैवहल्स एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रमन जादवानी के मुताबिक इस सेक्टर की उड़ान का किराया फरवरी के अंतिम सप्ताह में सामान्य हो जाएगा। महाशिवरात्रि के बाद कुंभ का समापन होगा इसके बाद वहां से आवाजाही करने वाले यात्रियों की संख्या सामान्य हो जाएगी।

- सीधी उड़ान की फ्लाइट फुल, व्हाया यात्रा का किराया 25 हजार तक
- कुंभ की शुरुआत होने के बाद इस विमान का किराया आसमान में पहुंच चुका

रायपुर निगम ने 6 साल में आठ बार किया टेंडर, इसमें सिर्फ लाइसेंसी दुकानों की हुई बुकिंग

निगम की 208 दुकानों को कोई लेने तैयार नहीं, सुधार से पहले सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के अलग-अलग 32 प्राइम लोकेशन पर खाली पड़ी 208 दुकानों को लीज पर देने के लिए निगम ने विगत 6 साल में 8 बार टेंडर किया। इसके बाद भी कोई इन्हें लीज पर लेने के लिए तैयार नहीं है। इसे देखते हुए निगम के बाजार विभाग ने जोन लेवल पर सर्वे करवाने के बाद अब सुधार करवाने का मन बनाया है। इसके साथ ही अधिकारी अब लीज प्रक्रिया में बदलाव की जुगत भी लगा रहे हैं।

स्मार्ट सिटी में निगम ने विभिन्न मार्गों पर व्यावसायिक बाजार डेवलप करने के बाद कमाई बढ़ाने के लिए प्रयास तो किया है, लेकिन इनमें सात मार्केट की दुकानें खाली पड़ी हैं। सूत्रों ने बताया कि निगम ने जिन दुकानों को लाइसेंसी प्रक्रिया के तहत व्यापारियों को देने की मुहिम चलाई, उसे लोगों ने ले लिया है। वहीं जिन दुकानों को लीज पर देने के लिए 6 साल में आठ बार टेंडर किया, वे अभी वीरान पड़ी हैं। इनमें से जयस्तंभ चौक स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में विकसित किया गया हाल शामिल है। इनसे कमाई की उम्मीद में निगम के पास बार-बार टेंडर निकालने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा। इसके बाद भी कोई रिस्पांस नहीं मिल रहा हैं। इसे देखते हुए बाजार विभाग ने जोन स्तर पर सर्वे करवाने के बाद बताई गई खामियों को सुधारने के साथ ही लीज प्रक्रिया में बदलाव की तैयारी में है।

सर्वे किया गया है, करवाएंगे सुधार

जिस-जिस लोकेशन की दुकानें खाली हैं, उनको लीज पर देने की प्रक्रिया में सुधार भी होगा। चुनाव के बाद बताई गई खामियों को सुधारने से पहले वस्तुस्थिति भी जांची जाएगी।

- अंजली शर्मा, उपायुक्त बाजार विभाग, नगर निगम, रायपुर

यहां बनवाई गई दुकानें खाली

शहर में निर्मित मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना की 948 में से 100 दुकानों को 10 साल की लीज पर देने की मुहिम में सफल नहीं हुआ। वहीं जवाहर बाजार की 168 में से 16 दुकानों को व्यापारी रिस्पांस नहीं दे रहे हैं। क्रिस्टल आर्केट और मोहबा बाजार के पास विकसित किए गए मार्केट में भी 31 में से 23 दुकानें विरान है। अग्रसेन चौक मंगलम भवन के पास 88 में से 05 दुकानें खाली हैं। गांधी मैदान की 84 में से 62 दुकानें वर्षों से टेंडर का हिस्सा हैं। कंकालीपारा में एक दुकान तो जयस्तंभ चौक स्थित मल्टी लेवल पार्किंग का हाल भी खाली है।

खाली दुकानों को रिस्पांस नहीं

शहर में दुकानों को लेने में लोग रुचि क्यों नहीं ले रहे हैं, इसकी वजह जांचने पर पता चला कि निगम ने लीज की राशि अलग-अलग क्षेत्र के लिए लाखों रुपए तय की हैं। इससे कम लागत में व्यावसाय करने की इच्छा रखने वाले मार्केट की खाली दुकानों को रिस्पांस नहीं दे रहे हैं, क्योंकि उससे कम दर पर उन्हें किराए की दुकान आसानी से मिल रही है। इसके चलते वे निगम के द्वारा विकसित किए गए बाजार में जाने से बच रहे हैं। इसे देखते हुए जिम्मेदारों ने मार्केट की उन दुकानों को व्यवस्थित करने के साथ ही लीज प्रक्रिया में सुधार का मन बनाया है।

ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, दर्दनाक मौत

रायपुर। लभांडी के पास एक ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना दोपहर की है। तेलीबांधा पुलिस के अनुसार मृतक रमेश जोशी निवासी लभांडी तेलीबांधा स्थित किसी मॉल में काम करता था। दोपहर में वह खाना खाने घर गया था। वापस जब वह ड्यूटी पर जा रहा था, तभी उसकी बाइक को पीछे से एक ट्रक ने तेज रफ्तार में टक्कर मार दी, जिससे रमेश बाइक से सड़क पर जा गिरा। सड़क पर गिरते ही उसका सिर ट्रक के चक्के के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक ट्रक सहित फरार हो गया। पुलिस घटना के बाद सीसीटीवी कैमरों की मदद से ट्रक का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

MARUTI SUZUKI

NEXA

SKY AUTOMOBILES
sales • service • spares - SINCE 1987

अभी नहीं
तो
कभी नहीं

50% RTO TAX OFF

7 दिन शेष

सीमित स्टॉक, पहले आयें – पहले पायें

BENEFITS UPTO	BALENO ₹1,15,000*	FRONX ₹1,46,000*	GRAND VITARA ₹3,20,000*	XL 6 ₹1,30,000*
	INVICTO ₹4,75,000*	JIMNY ₹1,99,000*	IGNIS ₹1,05,000*	CIAZ ₹1,17,000*

* Inclusive of All Offers

*T & C Apply

I ♥ SKY @ 37 Years

Oldest & Most Trusted
SKY AUTOMOBILES
sales • service • spares - SINCE 1987

RAIPUR: Nexa Magneto, Besides Magneto Mall, Labhandi
Call: 9584433129, 9111107007, 9111107037, 9111107035

MAHESHWARI

SHIVNATH HYUNDAI

Contact no.: +91 70499 17611. E-mail id:- e.enquiry@shivnath.jaika.com

Tatibandh, Telibandha, Bhilai, Dhamtari, Jagdalpur, Durg, Mahasamund, Kanker, Gariyaband, Rajnandgaon, Baloda Bazar.

Follow us

जयका ऑटोमोबाइल्स एण्ड फायनेन्स प्रा.लि.

रिंग रोड नं.1, रायपुरा, रायपुर छ.ग.

मो: +9174151 40093, +91 9406020025

JAIKA

•बलौदाबाजार•अभनपुर•सराईपाली•महासमुंद•सिमगा•गरियाबंद•भनपुरी•अंजोरा

फॉलो करे